9 दिसंबर 2025
मंगलवार

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज


600 करोड़ आए हलवाई के खाते में, गांव में मचा हड़कंप 2



# नवानगर को बिहार का नया इंडस्ट्रियल इंजन बनाएगी सरकार : नीतीश कुमार

- सीएम नीतीश ने औद्योगिक गलियारे का लिया विस्तृत जायजा
- पेप्सी-कोका कोला प्लांट से लेकर प्रस्तावित 125 एकड़ वाले सेज तक का निरीक्षण, रोजगार व निवेश बढ़ाने के दिए सख्त निर्देश
- नवानगर में उद्योगों के विस्तार की बड़ी रूपरेखा, सीएम का औचक निरीक्षण बना चर्चा का विषय



**केटी न्यूज/डुमरांव**

बक्सर जिले के नवानगर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विशेष आर्थिक जोन (सेज) के रूप में विकसित किए जा रहे, औद्योगिक क्षेत्र का गहन निरीक्षण करने पहुंचे। बिहार के औद्योगिक नक्शे पर नवानगर को एक बड़े केंद्र के रूप में उभारने की दिशा में यह दौरा बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने सबसे पहले वरुण वेबरेज लिमिटेड पहुंचकर पेप्सीको के बॉटलिंग प्लांट, ड्रिंकिंग वाटर यूनिट और क्वालिटी इंश्योरेंस लैब की कार्यप्रणाली का मुआयना किया। अधिकारियों ने बताया कि यहां पेप्सी, माउंटेन ड्यू, 7अप, स्लाइस, स्टिंग, निंबूज, फीज जैसे प्रमुख ब्रांड तैयार होते हैं। मुख्यमंत्री ने उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण और बाजार उपलब्धता पर विस्तृत रिपोर्ट ली।

वरुण वेबरेज के कार्यालय में अधिकारियों ने पावरपॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से नवानगर औद्योगिक क्षेत्र के भूमि रकबा, निवेश, संचालित इकाइयों की संख्या, रोजगार स्थिति और भविष्य की विस्तार योजनाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इसके बाद मुख्यमंत्री भारत प्लस इथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड पहुंचे। यहां उन्हें इथेनॉल प्लांट में निवेश, कर्मचारियों की संख्या, उत्पाद आपूर्ति श्रृंखला और उपलब्ध कराई गई आधारभूत सुविधाओं की जानकारी दी गई। निरीक्षण का अगला पड़ाव रहा एसएलएमजी वेबरेज लिमिटेड, जहां कोका-कोला प्लांट और वॉटर बॉटलिंग इकाई की उत्पादन प्रक्रिया, माइक्रो लैब, ट्रीटमेंट प्लांट और मशीनरी का विस्तृत निरीक्षण किया गया। कंपनी ने अपने बाजार विस्तार, निवेश और स्थानीय युवाओं को मिल रही रोजगार की स्थिति की पूरी जानकारी मुख्यमंत्री को दी।मुख्यमंत्री ने इसके बाद लगभग 125 एकड़ में प्रस्तावित विशेष आर्थिक जोन का स्थलीय निरीक्षण कर उद्योग विभाग से तैयारियों की स्थिति जानी। सड़क, बिजली, जल निकासी, सुरक्षा और अन्य बुनियादी ढांचे की प्रगति पर उन्होंने अधिकारियों को तेज गति से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने साफ कहा कि नवानगर को बिहार का प्रमुख औद्योगिक हब बनाया जाएगा, जिससे बड़े पैमाने पर उद्योग, निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। नवानगर औद्योगिक क्षेत्र का कुल रकबा 439.68 एकड़ है, जिसमें से 337.07 एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है। यहां डेडिकेटेड बिजली फीडर, नाला प्रणाली, सोलर स्ट्रीट लाइट, महिला छात्रावास और 24 घंटे सुरक्षा जैसी सुविधाएं पहले से मौजूद हैं। केंद्र सरकार ने 19 अक्टूबर 2024 को 126.51 एकड़ भूमि को विशेष आर्थिक क्षेत्र के रूप में स्वीकृति दी है। यहां स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाइयां मुख्य रूप से निर्यात आधारित होंगी।

# एसआईआर की प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने के लिए पांच वरिष्ठ आईएएस बने विशेष पर्यवेक्षक


**एजेंसी। कोलकाता**




पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची की विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया यानी एसआईआर को और पारदर्शी व सख्त निगरानी वाली बनाने के लिए चुनाव आयोग ने बड़ा कदम उठाया है। आयोग ने राज्य के अलग-अलग डिवीजनों में पांच वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया है, ताकि मतदाता सूची से जुड़े सभी काम नियमों के हिसाब से हों और किसी तरह की गड़बड़ी की गुंजाइश न रहे। सोमवार को जारी आदेश में चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि ये पांचों अधिकारी अपने-अपने डिवीजनों में एसआईआर से जुड़े सभी कामों की सीधी निगरानी करेंगे। आयोग की मान्यता है कि इन अधिकारियों की मौजूदगी से मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया और भरोसेमंद, साफ और निष्पक्ष बनेगी। इनके जरिए जिला अधिकारियों और रोल अधिकारियों को जरूरी सुधार और दिशा-निर्देश भी मिलते रहेंगे। रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुमार रवि कांत सिंह को प्रेसिडेंसी डिवीजन का विशेष पर्यवेक्षक बनाया गया है। गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव नीराज कुमार बंसोड़ को मेडिनिपुर डिवीजन की जिम्मेदारी दी गई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में संयुक्त सचिव कृष्ण कुमार निराला को बर्दवान डिवीजन का एसआरओ नियुक्त किया गया है। आर्थिक मामलों के विभाग के संयुक्त सचिव आलोक तिवारी को मालदा डिवीजन की निगरानी का काम सौंपा गया है। वहीं ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव पंकज यादव को जलपाईगुड़ी डिवीजन का विशेष पर्यवेक्षक बनाया गया है। इन सभी अधिकारियों को मतदाता सूची के हर चरण पर कड़ी नजर रखने और समय पर रिपोर्ट भेजने की जिम्मेदारी दी गई है।

## आजादी के समय महात्मा गांधी को भी वंदे मातरम पसंद था

# कांग्रेस ने वंदे मातरम के किए टुकड़े: पीएम मोदी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पीएम मोदी ने सोमवार को लोकसभा में वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर चर्चा की शुरूआत की। उन्होंने एक घंटे की स्पीच में कहा कि वंदे मातरम् अंग्रेजों को करारा जवाब था। ये नारा आज भी प्रेरणा दे रहा। आजादी के समय महात्मा गांधी को भी यह पसंद था। उन्हें यह गीत नेशनल एंथम के रूप में दिखता था। पीएम ने कहा कि उनके लिए इस गीत की ताकत बड़ी थी। फिर पिछले दशकों में इसके साथ इतना अन्याय क्यों हुआ। वंदे मातरम् के साथ विश्वासघात क्यों हुआ। वो कौन सी ताकत थी, जिसकी इच्छा पूज्य बापू की भावनाओं पर भी भारी पड़ी। पीएम मोदी ने एक घंटे की स्पीच में वंदे मातरम 121 बार, देश 50, भारत 35, अंग्रेज 34, बंगाल 17, कांग्रेस का 13 बार जिक्र किया। उन्होंने वंदे मातरम् के रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी का नाम 10 बार, नेहरू 7 बार, महात्मा गांधी 6 बार, मुस्लिम लीग 5 बार, जिन्ना 3 बार, संविधान 3 बार, मुसलमान 2 बार, तुष्टिकरण 3 बार कहा। मोदी ने कहा कि मोहम्मद अली जिन्ना ने लखनऊ से 15 अक्टूबर 1936 को वंदे मातरम् के खिलाफ नारा बुलंद किया। कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा। पीएम ने कहा कि बजाय इसके कि नेहरू मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों को करारा जबाव देते, उसकी निंदा करते, लेकिन उल्टा हुआ। उन्होंने वंदे मातरम की ही पड़ताल शुरू कर दी। जिस मंत्र ने, जिस जयघोष ने देश के आजादी के आंदोलन को ऊर्जा और प्रेरणा दी थी, त्याग और तपस्या का मार्ग दिखाया था, उस वंदे मातरम का पुण्य स्मरण करना इस सदन में हम सबका बहुत बड़ा सौभाग्य है।

### जितने साल मोदी पीएम रहे, उतने साल नेहरू जेल में रहे : प्रियंका

लोकसभा में सोमवार को वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर जारी चर्चा में प्रियंका गांधी ने सवाल पूछा कि ये गीत 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा है। 75 सालों से लोगों के दिल में बसा है। उन्होंने कहा कि बंगाल का चुनाव आ रहा। पीएम उसमें अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं। मैं कहूं कि मोदीजी अब वह पीएम नहीं रहे जो पहले थे। जहां तक नेहरू जी की बात है। जितने साल मोदी पीएम रहे, उतने साल नेहरू जेल में रहे थे। इससे पहले चर्चा की शुरूआत पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने वंदे मातरम् के टुकड़े किए। जवाहरलाल नेहरू जिन्ना के सामने झुके थे। वंदे मातरम आजादी के समय से प्रेरणा का स्त्रोत था तो फिर उसके साथ पिछले दशक में अन्याय क्यों हुआ।

### वंदे मातरम दुनियाभर में भारत का गौरव है : राजनाथ

बंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर लोकसभा में बहस के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वंदे मातरम सिर्फ बंगाल तक ही सीमित नहीं था। यह पूरे भारत में, उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम तक फैल गया। पंजाब, तमिलनाडु और बॉम्बे प्रेसीडेंसी में भी लोगों ने वंदे मातरम का नारा लगाना शुरू कर दिया। यह सिर्फ भारत में ही नहीं थाय देश के बाहर भी, वंदे मातरम विदेश में रहने वाले भारतीयों के लिए एक मंत्र की तरह था। भारतीय जहां भी थे, लंदन, पेरिस, जिनेवा, कनाडा, वे वंदे मातरम का नारा लगाते रहेवंदे मातरम पर चर्चा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में कहा कि राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का बराबर सम्मान है। जन-गण-मन और वंदे मातरम भारत माता की दो आंखें हैं। वंदे मातरम् राजनीतिक नहीं है।

# अपोर्रा रेस्टोरेंट आग्निकांड : फुकेट भागे आरोपी, इंटरपोल की मदद ले रही गोवा पुलिस

**एजेंसी। गोवा**

गोवा के अपोर्रा में रेस्तरां में लगी भीषण आग के मामले में पुलिस ने जांच की रफ्तार तेज कर दी है। पुलिस के मुताबिक, घटना के तुरंत बाद दो मुख्य आरोपी गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा देश से बाहर चले गए। उनकी गिरफ्तारी के लिए अब इंटरपोल की सहायता ली जा रही है, जबकि एक अन्य आरोपी भारत कोहली को दिल्ली से पकड़कर ट्रांजिट रिमांड पर गोवा लाया गया है। पुलिस ने बताया कि एफआईआर दर्ज होते ही एक टीम दिल्ली भेजी गई थी, जहां आरोपियों के घर पर रेड की गई। घर पर वे नहीं मिले, जिसके बाद पुलिस ने नोटिस चिपकाया। जांच में सामने आया कि 7 दिसंबर की सुबह 5.30 बजे दोनों आरोपी मुंबई से फुकेट के लिए उड़ान ले चुके थे, जबकि घटना आधी रात के आसपास हुई थी। पुलिस का कहना है कि यह उनके जांच से बचने की नीयत को साफ दर्शार्ता है। दोनों के विदेश भागने की जानकारी मिलने पर गोवा पुलिस ने तुरंत मुंबई इमिग्रेशन ब्यूरो से संपर्क किया। इसके बाद सीबीआई के इंटरपोल डिवीजन के साथ समन्वय बनाकर उन्हें जल्द से जल्द पकड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई है। वहीं, दिल्ली से गिरफ्तार किए गए भारत कोहली को गोवा लाकर पूछताछ जारी है। वहीं, मामले में पुलिस ने बताया कि सभी मृतकों का पोस्टमार्टम हो चुका है और शव परिवारों को सौंप दिए गए हैं।

# इंडिगो का परिचालन संकट बरकरार, प्रमुख हवाई अड्डों पर 350 से ज्यादा उड़ानें रद्द

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडिगो में जारी परिचालन संकट अभी भी जारी है। दिल्ली और मुंबई हवाई अड्डों पर सोमवार को भी इंडिगो की उड़ानें रद्द हो रही हैं और उनमें देरी हो रही है। हालात को देखते हुए दिल्ली एयरपोर्ट ने सोमवार को सुबह साढ़े छह बजे यात्रियों के लिए एक एडवाइजरी जारी की और एडवाइजरी में बताया कि उड़ानों में देरी हो सकती है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने कहा कि घर से निकलने से पहले फ्लाइट का स्टेटस चेक जरूर करें ताकि एयरपोर्ट पर परेशानी का सामना न करना पड़े। सोमवार को 350 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुई हैं, जिनमें अहमदाबाद हवाई अड्डे पर सोमवार सुबह 8 बजे तक इंडिगो की 18 उड़ानें रद्द हुईं। बंगलूरू हवाई अड्डे पर 127 उड़ानें रद्द हुई हैं। वहीं हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 77, दिल्ली एयरपोर्ट पर 134 उड़ानें रद्द हुई हैं। चेन्नई, अहमदाबाद और असम के एयरपोर्ट्स पर टर्मिनल एरिया में भारी भीड़ है। इस तरह बीते करीब एक सप्ताह में इंडिगो की करीब चार हजार उड़ानें रद्द हो चुकी हैं, जिससे देश का हवाई यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। सरकार के दखल के बावजूद अभी तक हालात सामान्य नहीं हो सके हैं। इंडिगो एयरलाइन ने डीजीसीए के नोटिस का जवाब देने के लिए और समय देने की मांग की है। डीजीसीए ने शनिवार 6 दिसंबर को इंडिगो को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसमें इंडिगो के परिचालन संकट पर जवाब मांगा गया था। डीजीसीए ने इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स और सीओओ और अकाउंटेबल मैनेजर पोकेर्रास को जारी नोटिस में कहा कि बड़े पैमाने पर परिचालन योजना बनाने की असफलता और संसाधन प्रबंधन की चूक दिखाई देती है। नोटिस में कहा गया कि इंडिगो में जारी संकट का मुख्य कारण नए एफडीटीएल नियमों को लागू करने के लिए सही इंतजाम न करना है, ऐसे में एयरलाइन के खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए।

## 2047 तक भारत को एक वकिसति रा बनाने का लक्ष्य रखा गया

# भारत ने पकड़ी स्पेस रेस में रफ्तार, 2035 तक बनेगा स्टेशन

- 8 से 10 वर्षों में भारत की स्पेस इकोनॉमी 40 से 45 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत अब केवल धरती पर ही नहीं, बल्कि अंतरिक्ष में भी अपनी आर्थिक और तकनीकी ताकत को स्थापित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को लेकर एक महत्वाकांक्षी योजना तैयार की है, जिसका सीधा प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था और वैश्विक साख पर पड़ेगा। अगले एक दशक के भीतर भारत न केवल अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन बनाएगा, बल्कि चंद्रमा की सतह पर भी भारतीय कदम पड़ेंगे। यह पूरी योजना उस बड़े दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसके तहत 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

### निजी कंपनियों की भागीदारी से बदलेगी तस्वीर

केंद्रीय अंतरिक्ष विभाग के मंत्री जितेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि भारत की स्पेस इकोनॉमी अब बड़े बदलाव की ओर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि जब तक यह क्षेत्र पूरी तरह सरकार के नियंत्रण में था, इसकी आर्थिक क्षमता सीमित थी। लेकिन इसे निजी कंपनियों और स्टार्टअप्स के लिए खोलने के बाद यह उद्योग लगभग 8 अरब डॉलर तक पहुंच गया है।

### तेजी से बढ़ेगी भारत की स्पेस इकोनॉमी

सरकार का अनुमान है कि वर्तमान विकास दर के अनुसार अगले 8 से 10 वर्षों में भारत की स्पेस इकोनॉमी 40 से 45 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है। इसमें सबसे बड़ा योगदान 400 से अधिक स्पेस स्टार्टअप्स का होगा, जो केवल सपने नहीं देख रहे हैं, बल्कि सैटेलाइट निर्माण, उनके प्रक्षेपण और अंतरिक्ष डेटा विश्लेषण जैसी जटिल तकनीकों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसरो के चेयरमैन एस. सोमनाथ पहले ही कह चुके हैं कि भारत का लक्ष्य अगले दशक में वैश्विक कमर्शियल स्पेस मार्केट में अपनी हिस्सेदारी को 2 फीसदी से बढ़ाकर 8-10 फीसदी तक पहुंचाना है।

SANGAM SUPER SPECIALITY HOSPITAL
संगम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल




- जनरल फिजिशियन
- स्त्री रोग विशेषज्ञ
- जनरल व गेस्ट्रो सर्जरी
- बाल रोग विशेषज्ञ
- नाक, कान, गला विशेषज्ञ
- हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ
- न्यूरो फिजिशियन व सर्जरी
- हृदय रोग विशेषज्ञ
- ओनको सर्जरी (कैंसर)
- यूरोलॉजी सर्जरी
- फिजियो थेरेपी सेन्टर
- पैथोलॉजी

Add.: 53/2, Avadhpuri Colony, Khargapur, Gomti Nagar, Lucknow - 226010 | Email : Sangamhospitals2025@gamil.com
Mob.: 9956026260, 9044872872

A. D. GROUP OF EDUCATION
Recognized By:- Health Department Gov. Of Bihar, Bihar Nursing Council Jharkhand Nursing Council, BUHS Bihar, Ranchi University, PCI New Delhi | INC New Delhi

पाल पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल
निःशुल्क शिक्षा अभियान पढ़ना, रहना एवं खाना मुफ्त
नर्सिंग एवं पारामेडिकल के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा मौका
मेडिकल डेन्टल आयुर्वेदा होमियोपैथी यूनानी वेटरनरी नेचुरोपैथी
के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा मौका
India & Abroad के Top मेडिकल कॉलेज में नामांकन करावाएं




JAMUI College Of Pharmacy (Bihar) PCI-4409
S.N.S. College Of Health. Education (Ranchi) PCI-7033
R.S. Institute Of Health Education (Ranchi) PCI-9093
S.N.S. Intitute Of Health Education (Ranchi)
RAJIV College Of Health. Education (Ranchi)
S.S. College Of Nursing (Buxar)

WHO Approved College High FMGE Passing Percentage
World Class Education with affordable
Super Multi Speciality Hospital with good patient flow
For: NEET Qualified Students

ADMISSION DEPARTMENT OF EDUCATION
B.ED | D.Le.Ed | BBA BCA | MBA | BA | B.Sc B.Com | POLYTECHNIC | MA | M.Sc | M.Com | MBBS BDS
BHMS, BUMS, BAMS, MD, MS

NCISM I NMC & WHO Approved College
Apply Online: www.palparamedical.com
ANM I B.Sc Nursing I GNM I D. Pharma I B. Pharma
BPT I DMLT I CMS ED I DRESSER I BMLT I P.B.sc Nursing
+91 8851335609, 9472164547, 6206049137
Head Office:- Itarhi Block Buxar, Bihar (802123)
Our Branch office:- Patna I Lucknow I Noida



DR. DHANJEE PAL
DIRECTOR/CEO

# बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक समारोह सम्पन्न, विद्यार्थियों ने बिखेरी प्रतिभा की चमक

- **सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन, अतिथियों की उपस्थिति से समारोह में बढ़ी गरिमा**

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर स्थित बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर विविध रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रेरणादायक भाषणों और प्रतिभा प्रदर्शन से गुलजार रहा। कार्यक्रम में छात्रों ने नृत्य, संगीत, नाटक और




शैक्षिक मॉडल के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और क्षमता का परिचय दिया, जिसे देखकर उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने खूब सराहना की।

समारोह के मुख्य अतिथि शशि कांत राय, जिला न्यायाधीश (समस्तीपुर), तथा विशेष अतिथि आनंद मिश्रा, पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं विधायक (बक्सर), ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। दोनों अतिथियों ने विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही शिक्षा व्यवस्था और अनुशासन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्रों की लगन और विद्यालय परिवार की मेहनत को सराहनीय बताया। उकार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबंधक ई. अंकुर राय ने यह जानकारी दी कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, और स्कूल में पहली बार 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति की व्यवस्था भी की गई है। सीमित सीटों के कारण अभिभावकों से समय रहते प्रवेश सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। विद्यालय के लिए यह वर्ष उपलब्धियों से भरा रहा, क्योंकि बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल को अब कक्षा 12वीं तक सीबीएसई की मान्यता प्राप्त हो गई है। इसे संस्था की गुणवत्ता-सम्पन्न शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता का बड़ा परिणाम माना जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस उपलब्धि से बच्चों को बेहतर शैक्षणिक अवसर मिलेंगे और जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का स्तर और मजबूत होगा।अंत में विद्यालय की ओर से अतिथियों को सम्मानित किया गया तथा सभी अभिभावकों और विद्यार्थियों के सहयोग के लिए आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## फिनो बैंक सीएसपी पर बैलेंस चेक के दौरान खुला राज, साइबर पुलिस जांच में जुटी

# 600 करोड़ आए हलवाई के खाते में, गांव में मचा हड़कंप

- **मानवीय भूल या हवाला का खेल, 600 करोड़ ने बड़का राजपुर में बढ़ाई धड़कनें**

**केटी न्यूज/सिमरी**

बक्सर जिले के तिलक राय के हाता थाना क्षेत्र के बड़का राजपुर गांव में शनिवार की सुबह एक ऐसी घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को सनसनी से भर दिया। गांव के हलवाई जितेंद्र साह के खाते में अचानक 600 करोड़ रुपये आने की जानकारी मिलते ही गांव में हलचल मच गई। जिस व्यक्ति के खाते में पहले सिर्फ 478 रुपये 20 पैसे थे, उसके पास एक झटके में 600 करोड़ रुपये पहुंच जाना किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं लगता।

-- बाइक बनवाने गए थे, 200 रुपये निकालने की थी जरूरत

जितेंद्र साह, जो गांव में एक छोटी दुकान चलाते हैं और लगन के मौसम में कराही चढ़ाने का काम करते हैं, शनिवार सुबह अपनी खराब पड़ी बाइक बनवाने के लिए 200 रुपये निकालने गांव के ही फिनो बैंक सीएसपी पर पहुंचे। उन्हें



पता था कि खाते में सिर्फ 478 रुपये 20 पैसे हैं और उसी में से 200 रुपये निकालकर वे बाइक बनवा लेंगे।

लेकिन जैसे ही सीएसपी संचालक ने बैलेंस चेक किया, स्क्रीन पर दिखी रकम देखकर दोनों की आंखें फटी रह गईं, 600,00,00,478.20। पहले दोनों को लगा कि यह किसी सॉफ्टवेयर की गड़बड़ी है। तीन-चार बार मैसेज और स्क्रीन को रीफ्रेश करने के बाद भी जब राशि वही रही, तब मामला संदिग्ध लगने लगा। इसके बाद सीएसपी संचालक ने तत्काल सतर्कता बरतते हुए अकाउंट को फ्रीज करा दिया।

**थाने पहुंचे हलवाई, पुलिस को भी नहीं हुआ यकीन**

पूरे दिन ग्रामीणों से सलाह-मशविरा करने के बाद रविवार सुबह जितेंद्र साह सीधे तिलक राय के हाता थाना पहुंचे और सारी बात थानाध्यक्ष पूजा कुमारी को बताई। शुरूआत में पुलिस को भी विश्वास नहीं हुआ कि एक साधारण हलवाई के खाते में इतनी बड़ी राशि आ सकती है। लेकिन मैसेज और बैंक एंट्री की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत इसे साइबर थाना, बक्सर को अग्रसारित कर दिया। इसके बाद साइबर पुलिस ने खाते को फ्रीज करते हुए तकनीकी जांच शुरू कर दी।

### जांच के कई एंगल, मानवीय भूल या हवाला कारोबार?

पुलिस कई संभावित एंगल पर जांच कर रही है, जिनमें बैंक की मानवीय भूल, हालांकि, इतनी बड़ी रकम की गलत एंट्री होना लगभग असंभव माना जाता है, फिर भी पुलिस इस बिंदु को नजरअंदाज नहीं कर रही। दूसरा, कई बार अपराधी गिरोह बड़े पैमाने पर कैश मूवमेंट छिपाने के लिए ग्रामीण या निष्क्रिय खातों का इस्तेमाल करते हैं। आशंका है कि कहीं किसी गिरोह ने बड़ी ट्रांजैक्शन को कवर करने के लिए यह रकम इनकी तरफ मोड़ी न हो।तीसरा साइबर फ्रॉड या तकनीकी गड़बड़ी व फिनो बैंक से ट्रांजैक्शन का स्रोत, भेजने वाले का खाता, आईपी एड्रेस और सर्वर लॉग आदि की जांच चल रही है।

### गांव में बना चर्चा का सबसे बड़ा मुद्दा

बड़का राजपुर में यह घटना पिछले 24 घंटों का सबसे बड़ा विषय बनी हुई है। लोग जितेंद्र के घर पहुंच रहे हैं, मोबाइल पर आए मैसेज की तस्वीरें देख रहे हैं और कई तो इसे किसी चमत्कार से कम नहीं मान रहे। गांव की चौपाल से लेकर खेत-खलिहान तक बस एक ही सवाल, 600 करोड़ आखिर आए कहां से। जितेंद्र स्वयं भी इस घटना से सहमे हुए हैं। उन्होंने बताया कि इतना पैसा देखकर तो अच्छा लगता है, लेकिन दिल डर से धड़कने लगता है कि कहीं कोई मुसीबत न आ जाए। इसीलिए मैंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

### साइबर पुलिस ने जारी की चेतावनी

साइबर पुलिस ने जितेंद्र को फिलहाल हर अनजान कॉल, मैसेज या लिंक से दूर रहने की सलाह दी है। बैंक से पूरी लेनदेन रिपोर्ट, फंड का सोर्स और तकनीकी डेटा खंगाला जा रहा है। अधिकारी इस मामले को असाधारण और संवेदनशील बता रहे हैं।

### अब नजर जांच रिपोर्ट पर

600 करोड़ रुपये की यह रहस्यमयी एंट्री पूरे जिला और आसपास के इलाकों में चर्चा का विषय बन चुकी है। लोग मानवीय भूल से लेकर हवाला कारोबार तक हर संभावना पर चर्चा कर रहे हैं। अब सबकी नजर साइबर पुलिस की अंतिम रिपोर्ट पर है, जो यह स्पष्ट करेगी कि यह रकम गलती से आई या फिर इसके पीछे कोई बड़ा खेल छिपा है। बड़का राजपुर में हलवाई जितेंद्र साह के खाते में आए 600 करोड़ रुपये ने निश्चित रूप से इलाके में उत्सुकता, डर और रोमांच तीनों भावों को उभार दिया है और फिलहाल यह घटना बक्सर की सबसे बड़ी ‛ब्रेकिंग’ बन चुकी है।

# सिमरी पंसस की बैठक में विकास योजनाओं की गति बढ़ाने पर जोर

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी प्रखंड सभागार भवन में सोमवार को प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के 23 पंचायत समिति सदस्यों के साथ विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य क्षेत्रीय समस्याओं को सुनना, आवश्यक निर्णय लेना और चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करना रहा।

बैठक की शुरूआत में प्रखंड के अलग-अलग पंचायतों से आए जनप्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी समस्याएं एवं क्षेत्र की विकास संबंधी जरूरतें विस्तार से रखीं। मनरेगा, कृषि, स्वास्थ्य, जलापूर्ति, खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों से संबंधित मुद्दों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। जनप्रतिनिधियों ने कई स्थानों पर विकास कार्यों की धीमी गति पर चिंता भी जताई। इसी क्रम में ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र के राजद विधायक शंभू नाथ सिंह यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए अधिकारियों को निस्वार्थभाव से कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पंचायतों में विकास की असली गति तभी बढ़ेगी, जब अधिकारी जमीनी स्तर पर योजनाओं को समय पर और पारदर्शी तरीके से लागू करेंगे। उन्होंने मनरेगा, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग और अंचल कार्यालय से संबंधित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। विधायक ने निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करें, ताकि जनता को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार, अंचलाधिकारी भगवती शंकर पांडे, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी प्रीती अरोरा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेश कुमार सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। पंचायत समिति सदस्यों में उप प्रमुख गायत्री देवी, केशोपुर से प्रमोद कुमार मिश्रा, गायघाट से अजय ओझा, सिमरी से दिनेश साह एवं विजय बिंद, सिमरी की मुखिया हीरामुनी देवी व राजकुमारी देवी, राजपुर की संगीता देवी आदि शामिल रहे।


कुमार अर्थोपेडिक क्लिनिक
Mob : 9122226720
डॉ0 वीरेन्द्र कुमार
अर्थोपेडिक सर्जन
M.B.B.S., D. Ortho PMCH
एफ. आई. एम. एस. (युके)
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डॉ0 अरूण कुमार
M.B.B.S., D.N.B. (New Delhi)
FMAS (New Delhi), DMAS (Germany)
पेट रोग विशेषज्ञ
जेनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. एस. के. अम्बष्ठा
M.B.B.S., M.D. (Gold Medalist)
Dermatologist & Cosmetologist
चर्म रोग, कुष्ट रोग, सौंदर्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
SKIN SPECIALIST
(Skin, VD, Laprosy & Cosmetics)
पताः- सुमित्राा महिला कॉलेज से पूरब, ढ़ेलवानी मोड़, डुमरॉव


# दो दशक से लंबित प्रोन्नति पर न्यायिक कर्मियों का फूटा गुस्सा, अब आर-पार की तैयारी

- **सुप्रीम कोर्ट के आदेश व सरकारी अधिसूचनाएं धरी रह गईं, 26 दिसंबर को पटना में महा-सभा, बड़े आंदोलन के संकेत**

**केटी न्यूज/बक्सर**

राज्य की अधीनस्थ अदालतों के न्यायिक कर्मचारियों में प्रोन्नति, वेतनमान और पदनाम परिवर्तन जैसे मूल अधिकारों को लेकर गहरा आक्रोश फैल गया है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश और राज्य सरकार की वर्ष 2008 की अधिसूचना के बावजूद पिछले दो दशकों से न्यायिक कर्मियों की सेवा-संबंधी फाइलें ठंडे बस्ते में पड़ी हैं। इससे कर्मचारियों में हताशा, असंतोष और धोखे का भाव तेजी से बढ़ रहा है। इस मुद्दे पर बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ की राज्य स्तरीय आभासी बैठक में पदाधिकारियों और जिला इकाइयों ने एकमत होकर कहा कि पटना उच्च न्यायालय ने जनवरी 2025 में हुए आंदोलन के दौरान एक महीने के भीतर प्रोन्नति व वेतन विसंगति पर निर्णय लेने का आश्वासन दिया था, लेकिन पूरा साल बीतने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

संघ के अध्यक्ष राजेश्वर तिवारी ने कहा कि बिहार सरकार के लगभग सभी विभागों के कर्मचारियों को समय पर प्रोन्नति मिल चुकी है, लेकिन न्यायालय कर्मचारी आज भी मूल वर्ग के पद पर सेवा करते-करते सेवानिवृत्ति तक पहुंच जा रहे हैं। यह न्याय नहीं, अन्याय है। पदाधिकारियों का यह भी आरोप है कि जब अन्य विभागों में प्रोन्नति रोकने पर अधिकारी तक दंडित कर दिए जाते हैं, वहीं अधीनस्थ न्यायालयों के कर्मचारियों का मामला वर्षों से अंधकार में पड़ा है। हड़ताल के दौरान बनाई गई कमेटी भी कागजी साबित हुई। न तो वेतन विसंगति दूर हुई, न पदोन्नति, न ही अनुकंपा नियुक्ति और न ही लंबित पदनाम परिवर्तन पर कोई निर्णय आया।

# एमडीजे पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला, बच्चों की प्रतिभा ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा स्थित एमडीजे पब्लिक स्कूल रविवार को रचनात्मकता, विज्ञान और नवाचार का केंद्र बना रहा, जब यहां विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल कोर्ट, आरा के वरिष्ठ लोक अभियोजक राणा प्रताप सिंह, सोनवर्षा थाना प्रभारी संतोष कुमार, कर्नल राणा प्रताप सिंह, पूर्व प्रोफेसर अवध बिहारी सिंह तथा विद्यालय निदेशक डॉ. नंद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने वातावरण को उत्साह से भर दिया।

इस वर्ष की प्रदर्शनी खास रही



क्योंकि एमडीजे पब्लिक स्कूल और एमडीजे गर्ल्स पब्लिक स्कूल के नर्सरी से कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों ने 700 से अधिक नवोन्मेषी मॉडल, प्रोजेक्ट और आकर्षक कलाकृतियां प्रस्तुत कीं।

चंद्रयान‑3 का मॉडल, सोलर कार, स्मार्ट सिटी, लेयर्स ऑफ द अर्थ, डीएनए स्ट्रक्चर, हाइड्रोलिक ब्रिज, केदारनाथ मंदिर, श्रीराम मंदिर का सुक्ष्म निर्माण, 3व होलोग्राम और प्राकृतिक आपदा प्रबंधन विषयक प्रोजेक्ट दर्शकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे। बच्चों की वैज्ञानिक समझ, तकनीकी कौशल और रचनात्मक सोच देखकर अतिथि एवं अभिभावक प्रभावित हुए।

**बाल मेले में बच्चों की हुनर से सजा स्वाद का संसार**

प्रदर्शनी के साथ लगे बाल मेले में बच्चों द्वारा संचालित फूड स्टॉलों ने भी खूब वाहवाही लूटी। पानीपुरी, ब्रेड पकोड़ा, इडलीडोसा, मोमोज, मालपुआ, मंचूरियन सहित विभिन्न व्यंजनों ने लोगों को आकर्षित किया। इन स्टॉलों के माध्यम से बच्चों ने न केवल व्यंजनों की प्रस्तुति दिखाई, बल्कि व्यवसायिक कौशल, टीमवर्क और जिम्मेदारी का भी परिचय दिया।

# डुमरांव में इंग्लिश क्विज का जलवा : छात्रों ने दिखाया दिमागी दम, स्नेहा, काजल, सचिन, मुस्कान बने चैंपियन

- **तीन दिवसीय ह्यकौन बनेगा इंग्लिश चौम्पियन प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण समापन, प्रतिभाओं ने तेज जवाबों से लूटे वाह-वाह**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में आयोजित तीन दिवसीय ह्यकौन बनेगा इंग्लिश चैंपियनह्न कार्यक्रम ने छात्रों में अंग्रेजी सीखने के प्रति नई ऊर्जा भर दी। अंग्रेजी शिक्षक मनोज कुमार उर्फ मिस्टर मनोज की पहल पर आयोजित इस अनोखी प्रतियोगिता का समापन सोमवार को जोश और रोमांच के माहौल में हुआ। लोकप्रिय टीवी शो ह्यकौन बनेगा करोड़पतिह्न की तर्ज पर तैयार इस इंग्लिश क्विज ने न केवल छात्रों की भाषा व दक्षता परखी, बल्कि उनके त्वरित निर्णय क्षमता और आत्मविश्वास को भी मंच दिया।

प्रतियोगिता का संचालन शिक्षक मनीष उपाध्याय ने किया। तीन दिनों




तक चले इस ज्ञान-महोत्सव में कुल 18 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने 15 सवालों की श्रृंखला में अपनी भाषा-समझ, शब्द ज्ञान और तर्क क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। नियमों के मुताबिक जो प्रतिभागी सबसे अधिक सवालों के सही उत्तर देता, वही विजेता घोषित किया जाता।

कड़ी प्रतिस्पर्धा और रोमांचक मोड़ों से भरी इस क्विज में अंततः स्नेहा कुमारी, काजल कुमारी, सचिन कुमार और आर्ट्स संकाय की छात्रा मुस्कान तिवारी ने बाजी मारते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। इन चारों प्रतिभागियों ने अधिकतम सही उत्तर देकर यह साबित किया कि मेहनत और अभ्यास से भाषा कोई बाधा नहीं, बल्कि अवसर बन जाती है।

कार्यक्रम में पुरस्कार भी आकर्षण का बड़ा कारण रहे। प्रत्येक प्रतिभागी के लिए 10 हजार रुपये की इनामी राशि तय की गई थी, जबकि प्रदर्शन के आधार पर कई छात्रों को अतिरिक्त उपहार भी प्रदान किए गए। इससे प्रतियोगिता का उत्साह और भी दोगुना हो गया। प्रतियोगिता में एक्सपर्ट के रूप में आदर्श कुमार मौजूद रहे, जिन्होंने कठिन सवालों पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए और प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया।

आयोजक मनोज कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों में अंग्रेजी के प्रति रुचि पैदा करने, भाषा दक्षता बढ़ाने और आत्मविश्वास विकसित करने का बेहतरीन माध्यम हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में भी ऐसे रचनात्मक और प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। डुमरांव में यह आयोजन न सिर्फ एक प्रतियोगिता रहा, बल्कि छात्रों की प्रतिभा और संभावनाओं को नई दिशा देने वाला एक यादगार प्रयास साबित हुआ।

मौके पर शिक्षक अजितेश कुमार, प्रशांत कुमार समेत सैकड़ो छात्र, दर्शक व अभिभावक मौजूद थे।


मधुबन मैरिज हॉल
आपके सपनों का विवाह स्थल
अब आपके शहर बक्सर में विवाह, रिसेप्शन, मैरेज एनिवर्सरी, जन्मदिन और सभी शुभ अवसरों के लिए एक भव्य और सुविधाजनक उपलब्ध है स्थल
विशेषताएंः
- विशाल और सुसज्जित हॉल
- आकर्षक स्टेज डेकोरेशन
- ठहरने की उत्तम व्यवस्था (एसी/नॉन-एसी कमरे)
- बड़ा पार्किंग एरिया
- 24x7 बिजली और पानी की सुविधा
- साफ-सुथरा और हाइजीनिक किचन एरिया
- बजट के अनुसार पैकेज उपलब्ध
- हर आयोजन को बनाएं यादगार, सिर्फ मधुबन मैरिज हॉल के साथ
अखिलेश्वर पाठक
प्रोपराइटर


सारीमपुर, बक्सर | बुकिंग के लिए संपर्क करें: +91 7061608901

नवानगर में नीतीश का औद्योगिक मिशनः एथेनॉल प्लांट की समस्या उठाने का भरोसा, स्थानीय रोजगार पर सख्त

# औद्योगिक प्रगति सरकार की प्राथमिकता, कंपनियों को नहीं होने दी जाएगी संसाधनों की कमी : सीएम

- **सीएम ने दो बड़े प्लांट का किया निरीक्षण, केंद्र से वार्षिक एथेनॉल खरीद सुनिश्चित करने की मांग, कंपनियों को स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने का निर्देश**

**केटी न्यूज/डुमरांव/नावानगर**

बक्सर जिला के तेजी से उभरते औद्योगिक क्षेत्र नवानगर में सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का दौरा कई मायनों में अहम रहा। विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए औद्योगिक विकास संबंधी वादों को साकार करने की दिशा में उठाए गए इस कदम ने स्थानीय लोगों और उद्योग जगत में नई उम्मीद जगाई है। औद्योगिक गलियारों में उत्साह साफ दिखा, वहीं सरकार की सख्त मंशा भी सामने आई कि अब बक्सर, खासतौर पर नवानगर औद्योगिक मानचित्र में प्रमुख पहचान बनाने जा रहा है। सुबह करीब 11.30 बजे सीएम का हेलिकॉप्टर वरुण बेवरेज पेप्सिको बॉटलिंग प्लांट स्थित हेलीपैड पर उतरा। उनके साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद रहे। प्लांट के अंदर पहुंचते ही मुख्यमंत्री ने उत्पादन इकाइयों का बारीकी से निरीक्षण किया और प्रबंधन से भविष्य की विस्तारित योजनाओं पर चर्चा की। तत्पश्चात वे सड़क मार्ग से नजदीकी एथेनॉल प्लांट पहुंचे, जहां वास्तविक चुनौतियां उनके सामने रखी गईं।

इस दौरान सीएम ने आश्वासन दिया कि औद्योगिक विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। औद्योगिक इकाईयों को संसाधनों व बाजार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

**एथेनॉल प्लांट की बड़ी समस्या उजागर, 6 महीने बंद रहने से कंपनी ठप होने की कगार पर**

प्लांट के सीएमडी अजय सिंह ने मुख्यमंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार मात्र छह माह के लिए एथेनॉल की खरीद करती है, जिससे वर्ष के बाकी महीनों में उत्पादन ठप हो जाता है। परिणामस्वरूप प्लांट बंद होने की स्थिति में पहुंच जाता है और सैकड़ों कर्मचारियों की नौकरियां खतरे में रहती हैं। सीएमडी ने स्पष्ट कहा कि अगर वार्षिक खरीद सुनिश्चित न हुई, तो उद्योग लंबे समय तक चल नहीं पाएगा।

मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि वे इसे केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से रखेंगे और समाधान की दिशा में कदम बढ़ाएंगे। उनका यह बयान उद्योग प्रतिनिधियों के लिए बड़ी राहत बनकर आया।

**स्थानीय युवाओं के रोजगार पर सख्त निर्देश**

निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने कंपनियों पर स्थानीय युवाओं की अनदेखी का आरोप लगाया। उनका कहना था कि बाहरी राज्यों से लोगों को नौकरी दी जा रही है, जबकि बक्सर और आसपास के युवाओं को उपेक्षित किया जा रहा है।

इस शिकायत पर मुख्यमंत्री ने उद्योग प्रबंधन को स्पष्ट संदेश दिया कि स्थानीय लोगों को अधिकतम रोजगार मिले, यह सरकार की प्राथमिकता है। इस पर किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वहीं राजपुर विधायक संतोष निराला ने भी स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से इस विषय पर विशेष बातचीत कर ठोस व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।




### प्रशासनिक प्रस्तुतीकरण और सरकारी गंभीरता का संकेत

दौरे के दौरान अधिकारियों ने सीएम के समक्ष चल रही परियोजनाओं और भावी औद्योगिक योजनाओं का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। बताया गया कि नवानगर में बियाडा ने लगभग 150 एकड़ भूमि औद्योगिक इकाइयों को दे दी है। सेज मुख्यालय पर 102 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। इससे नवानगर में बड़े निवेश की राह खुलेगी और लगभग 10 हजार प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है।

### तीन स्तरीय सुरक्षा, ड्रोन निगरानी, पूरा जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर

सीएम का दौरा पूरी तरह कड़ी सुरक्षा में हुआ। डीएम विद्यानंद सिंह और एसपी शुभम आर्य की निगरानी में पुलिस-प्रशासन ने तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया था। कार्यक्रम स्थल और हेलिपैड पर सीसीटीवी कैमरे व ड्रोन से निगरानी की जा रही थी। जगह-जगह नाकेबंदी और चेकिंग की व्यवस्था भी की गई थी।

निरीक्षण के बाद सीएम ने वन्य जीव बचाव केंद्र का दौरा किया, जहां उन्होंने जंगली जानवरों की देखरेख एवं प्रबंधन की समीक्षा की। 12 बजकर 15 मिनट पर वे हेलिकॉप्टर से गंगा नदी पर बन रहे नए पुल का हवाई सर्वेक्षण करने बक्सर रवाना हुए और बाद में पटना लौट गए।

### औद्योगिक विकास की रफ्तार तेज होने की उम्मीद

गौरतलब है कि डुमरांव के राज हाई स्कूल के खेल मैदान में हुई पिछली चुनावी सभा में मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया था कि उद्योग क्षेत्र में अपेक्षित विकास नहीं हो पाया है, लेकिन अगले पांच साल में उद्योगों को प्राथमिकता देते हुए बड़े बदलाव किए जाएंगे। नवानगर का यह दौरा उसी घोषणा के अमल की पहली ठोस निशानी माना जा रहा है। स्थानीय व्यवसायियों और युवाओं का मानना है कि मुख्यमंत्री का यह निरीक्षण बक्सर को औद्योगिक नक्शे पर मजबूत पहचान दिलाने वाला साबित होगा। नवानगर को बक्सर का सबसे बड़ा औद्योगिक हब बनाने की दिशा में सरकार पूरी तेजी से बढ़ रही है। लोगों को उम्मीद है कि अब न सिर्फ उद्योग आएंगे, बल्कि बक्सर के युवाओं को रोजगार भी मिलेगा और नवानगर एक नया औद्योगिक शहर बनकर उभरेगा। कार्यक्रम के दौरान डुमरांव विधायक राहुल कुमार सिंह, एसडीएम राकेश कुमार, एसडीपीओ पोलत्स कुमार समेत एनडीए के कई बड़े नेता, जिला व अनुमंडल प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।







सभी फोटो मनीष कुमार की

## एक नजर

### चौसा सीएचसी में आशा सुपरवाइजरों को दिया गया प्रशिक्षण, 14 से चलेगा प्लस पोलियो अभियान



**बक्सर** । आगामी 14 दिसंबर से शुरू होने वाले प्लस पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को आशा सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में डब्ल्यूएचओ के प्रशिक्षक प्रशांत कुमार और बीसीएम मंजू कुमारी ने अभियान के महत्व, घर-घर टीकाकरण की प्रक्रिया और बच्चों की पहचान सूची को अपडेट करने जैसे कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान आशा सुपरवाइजरों को बताया गया कि पोलियो उन्मूलन के लिए इस विशेष अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को बूथों, घर-घर जाकर तथा मोबाइल टीमों के माध्यम से टीका दिया जाएगा। प्रशिक्षकों ने टीकाकरण के बाद की निगरानी, टीम-वार जिम्मेदारियों और डेटा प्रबंधन पर भी जोर दिया। साथ ही मैदान में काम करने वाली स्वास्थ्य टीमों को किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति से निपटने के उपाय सिखाए गए। बीसीएम मंजू कुमारी ने कहा कि पोलियो जैसे खतरनाक रोग को जड़ से मिटाने में आशा कर्मियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी टीमों से लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा करने का आह्वान किया। वहीं डब्ल्यूएचओ के प्रशांत कुमार ने टीकाकरण के दौरान स्वच्छता, सुरक्षित हैंडलिंग और सामुदायिक जागरूकता को सबसे जरूरी बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में चौसा सीएचसी के अन्य स्वास्थ्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### पिता पर बेटे की हत्या का आरोप, गुपचुप अंत्येष्टि से बढ़ी सनसनी

**राजपुर।** चौसा थर्मल पावर प्लांट की जमीन अधिग्रहण राशि को लेकर चल रहा पारिवारिक विवाद सनसनीखेज मोड़ पर पहुंच गया, जब राजपुर थाना क्षेत्र के सिकरौल गांव में एक बेटे की रहस्यमय मौत के मामले में पिता समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर की गई। मृतक की पत्नी अंशु राय ने पुलिस को दिए अपने आवेदन में आरोप लगाया है कि जमीन मुआवजे की बड़ी रकम को ले पिछले कई दिनों से घर में तनाव गहराता जा रहा था। विवाद बढ़ने पर वह अपने मायके चली गई थी, लेकिन इसी बीच 4 दिसंबर की रात उसके पति की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पत्नी का दावा है कि उसके ससुर उमाशंकर राय, सास और ननद प्रियंका राय सहित परसा गण्डा की बबीता प्रधान ने मिलकर साजिशन हत्या कर दी और किसी को खबर तक न होने दी। हैरान करने वाली बात यह कि मौत वाले दिन ही शव को गुपचुप तरीके से चौसा श्मशान घाट में जला भी दिया गया। पत्नी को इसकी भनक तब मिली जब वह 5 दिसंबर को ससुराल लौटी और उसे पति घर पर नहीं मिला। इसके बाद उसने पूरे घटनाक्रम पर संदेह जताते हुए हत्या का मामला दर्ज कराया। आवेदन मिलते ही राजपुर थाने में हलचल बढ़ गई। थाना अध्यक्ष निवास कुमार के निर्देश पर गठित विशेष टीम अपर थानाध्यक्ष शिवकुमार मंडल और एसआई सुभाष कुमार ने त्वरित छापेमारी करते हुए मुख्य आरोपी उमाशंकर राय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ गौरव कुमार पांडेय भी गांव पहुंचे। उन्होंने बताया कि मामला बेहद संवेदनशील है और महिला द्वारा लगाए गए आरोपों की वैज्ञानिक पद्धति से गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि अब तक पुलिस को कोई ठोस साक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है, लेकिन सभी बिंदुओं पर पड़ताल चल रही है और जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बता दें कि जमीन मुआवजे को लेकर उठा विवाद अब हत्या के आरोप में बदल गया है, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। गांव में डर और अविश्वास का माहौल है, जबकि पुलिस इस रहस्यमय मौत की सच्चाई सामने लाने में जुटी है।

# डुमरांव स्टेशन के विकास और ट्रेनों के ठहराव को लेकर विधायक को सौंपा मांग पत्र

- **रेल सुविधाओं में विस्तार से यात्रियों को मिलेगी राहत - संघर्ष समिति**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव और यात्री सुविधाओं के व्यापक विकास को लेकर बलिया-डुमरांव-डेहरी रेल पथ निर्माण संघर्ष समिति ने स्थानीय विधायक राहुल कुमार सिंह को विस्तृत मांग पत्र सौंपा। समिति के संस्थापक सह महासचिव उमेश गुप्ता रौनियार ने सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि मांग पत्र को विधायक के माध्यम से रेल मंत्री, महाप्रबंधक और संबंधित अधिकारियों तक भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि डुमरांव एक उभरता औद्योगिक व प्रशासनिक क्षेत्र है, जहां नवानगर इकोनॉमिक जोन में कई कंपनियों के साथ अनेक नए प्रोजेक्ट चल रहे हैं। साथ ही बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-4, 18 एवं बिसैप की तीनों वाहिनियों में लगभग 2500 प्रशिक्षु व करीब 4500 पुलिसकर्मी वर्ष भर कैंप करते हैं। इन सबके अलावा लगभग 10 हजार पुलिसकर्मी प्रतिदिन डुमरांव से देश के विभिन्न जिलों में आवागमन करते हैं, जिससे स्टेशन पर अतिरिक्त यात्री भार पड़ता है। समिति द्वारा सौंपे गए मांग पत्र में डुमरांव स्टेशन को कृषि विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, प्रमुख धार्मिक स्थलों, नवोदय विद्यालय, सिविल कोर्ट सहित पर्यटन स्थलों से जोड़ने की आवश्यकता रेखांकित की गई है। आरा-बक्सर रेलखंड में राजस्व देने वाले प्रमुख स्टेशनों में डुमरांव का नाम शामिल होने के बावजूद, यहां सुविधाओं का अभाव यात्रियों के लिए परेशानी खड़ी कर रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास कार्य प्रगति पर है, लेकिन कई सुविधाएं अभी भी अधूरी हैं।

कोरोना काल में बंद हुई छह जोड़ी ट्रेनों के परिचालन बहाली के साथ-साथ पटना-कोटा एक्सप्रेस, दानापुर-सिकंदराबाद, संघमित्रा एक्सप्रेस, जनता एक्सप्रेस, दानापुर-पुणे, सीमांचल एक्सप्रेस, कुंभ, उपासना, अमृत भारत सहित कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव डुमरांव में देने की मांग की गई है। साथ ही आरा-रांची एक्सप्रेस और कटिहार-पटना इंटरसिटी का विस्तार बक्सर तक करने की भी आवश्यकता जताई गई है। इसके अलावा लंबे समय से प्रस्तावित बलिया-डुमरांव-डेहरी रेल लाइन के निर्माण को भी तत्काल धरातल पर उतारने की मांग की गई।

# जमीन विवाद में दो पक्ष भिड़े, चौदह लोग गंभीर रूप से हुए जख्मी, 11 रेफर

- **सिमरी थाना क्षेत्र के मझवारी गांव की है घटना, विवादित खेत की बुवाई को लेकर भिड़े दोनों पक्ष**

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी थाना क्षेत्र के मंझवारी गांव में सोमवार को जमीन विवाद ने भयावह रूप ले लिया। एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच खेत की बुवाई को लेकर उत्पन्न कहासुनी अचानक मारपीट में बदल गई। देखते-ही-देखते स्थिति इतनी बिगड़ गई कि दोनों पक्ष के लोगों ने एक-दूसरे पर लोहे के रॉड और लाठी-डंडों से हमला करना शुरू कर दिया। देखते ही देखते यह विवाद रणक्षेत्र में बदल गया। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के लगभग 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल हैं।




घटना की सूचना मिलते ही सिमरी थाने की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और तनावपूर्ण माहौल को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर अलग किया और सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिमरी भेजा। अस्पताल में जब लहूलुहान अवस्था में घायल पहुंचे तो स्वास्थ्यकर्मियों के भी रोंगटे खड़े हो गए। कई घायलों की हालत नाजुक बताई गई।

जानकारी के अनुसार दयाशंकर कुशवाहा और रामाकांत कुशवाहा के बीच पुराना जमीन विवाद लंबे समय से चला आ रहा था। सोमवार की सुबह खेत की बुवाई के मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हुई, जो धीरे-धीरे गाली-गलौज और फिर मारपीट में तब्दील हो गई। उग्र हुए दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर बेरहमी से वार किए, जिसके कारण भारी संख्या में लोग जख्मी हुए।

जख्मियों में पहले पक्ष के दयाशंकर कुशवाहा, नंदिनी कुमारी, राजकुमारी, अनीता देवी, सुनील कुमार कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा, रवि कुमार कुशवाहा, सीमा देवी और खुशबू कुमारी शामिल हैं। वहीं दूसरे पक्ष से रामाकांत कुशवाहा, भोला कुशवाहा, बजरंगी कुशवाहा, शिव शंकर कुशवाहा और लकडू कुशवाहा गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं।

सिमरी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों पक्षों के 11 घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए बक्सर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्रशासन ने कहा है कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

हालांकि, समाचार लिखे जाने तक इस मामले में किसी पक्ष ने थाने में आवेदन नहीं दिया था, बावजूद पुलिस स्थिति को नियंत्रित करने के बाद मामले की जांच में जुट गई है।

# बुद्ध का अप्प दीपो भव आज भी कालजयी संदेश : रवि उज्ज्वल

- **बोधि दिवस पर जदयू नेता रवि उज्जवल ने कहा बुद्ध ने सिखाया संतोष और संयम से जीना**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बोधि दिवस के अवसर पर सोमवार को जदयू नेता रवि उज्ज्वल कुशवाहा ने बोधिवृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त करने वाले सिद्धार्थ गौतम को नमन किया और उनके उपदेशों को आधुनिक समाज की सबसे बड़ी जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि बुद्ध शांति, सद्भाव और करुणा के शाश्वत प्रतीक हैं। उनका दिया संदेश ह्यअप्प दीपो भवह्न अर्थात अपना दीपक स्वयं बनो, हर व्यक्ति को आत्मनिर्भर और मजबूत बनने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि 8 दिसंबर का दिन बौद्ध धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसी दिन बोधगया में पीपल के वृक्ष के नीचे ध्यान करते हुए सिद्धार्थ गौतम को आत्मज्ञान प्राप्त हुआ था और वे बुद्ध बने। यह क्षण न केवल उनके जीवन का मोड़ था, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए नई दिशा देता है।



रवि उज्ज्वल ने बताया कि बुद्ध के जीवन की सबसे बड़ी विशेषता थी, सत्य की खोज में अटल रहना। उन्होंने वर्षों तक तप और चिंतन के बाद दुख, मोह और क्लेश से मुक्ति का मार्ग खोजा। उनका मध्यमार्ग आज भी जीवन को संतुलित, संयमित और शांत बनाने का सर्वोत्तम उपाय है, उन्होंने कहा।

जदयू नेता ने आगे कहा कि बुद्ध ने मनुष्य को अहिंसा, करुणा, प्रेम और आत्म-संयम का पाठ पढ़ाया। उन्होंने सिखाया कि इच्छाओं पर नियंत्रण और संतोष से ही सच्चा सुख मिलता है। रवि उज्ज्वल ने कहा कि समाज में बढ़ती बेचैनी, हिंसा, और तनाव का समाधान बुद्ध के मार्ग में ही निहित है।

बोधि दिवस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भी बुद्ध के उपदेशों को अपनाने का संकल्प लिया। मौके पर बीरेन्द्र कुशवाहा, रामबचन मौर्या, तेजनरायण मौर्या, वशिष्ठ कुशवाहा सहित कई समाजसेवी एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

रवि उज्ज्वल ने कहा कि यदि समाज बुद्ध के बताए करुणा, सत्य और मध्यमार्ग को जीवन में उतार ले, तो हर व्यक्ति स्वयं अपने जीवन का दीपक बन सकता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बुद्ध के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हैं, क्योंकि दुनिया को शांति और मानवता के उसी संदेश की जरूरत है। बोधि दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम पूरी तरह आध्यात्मिक माहौल में संपन्न हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने बुद्ध के जीवन और उनके उपदेशों को याद करते हुए शांति, संयम और सद्भाव का संदेश फैलाने का संकल्प लिया।

# पिपराढ़ में युवक को गोली मार किया घायल, इलाज के दौरान मौत

**केटी न्यूज/बक्सर**

बगेन गोला थाना क्षेत्र के पिपराढ़ गांव में रविवार की देर शाम घर के दरवाजे पर ही एक युवक को गोली मार दी गई। गंभीर रूप से घायल युवक देव प्रकाश गोंड को ग्रामीणों ने तत्क्षणा रघुनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति नाजुक देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में भी चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए युवक को हायर सेंटर भेजने का निर्णय लिया, लेकिन, हायर सेंटर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

सूत्रों के अनुसार, देव प्रकाश किसी काम से गांव के बाहर जा रहे थे। इसी दौरान गांव के ही एक अन्य युवक ने अचानक उन पर फायर कर दिया। गोली सीधा गर्दन में लगी, जिससे वे सड़क पर ही गिर पड़े। सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. सौरभ राय ने बताया कि गोली गर्दन में फंसी हुई थी, जिसे निकालने के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया था।

घटना की सूचना मिलते ही बगेन गोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू कर में जुट गई है। ग्रामीणों से पूछताछ के आधार पर पुलिस हमलावर की पहचान कर जांच को आगे बढ़ा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले को आपसी विवाद या पुराने तनाव की दिशा में भी खंगाल रही है। गांव में इस घटना को लेकर दहशत का माहौल बना हुआ है।

# 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना व स्मार्ट मीटर अपडेट के नाम पर साइबर ठग



**केटी न्यूज। रोहतास**

राज्य सरकार के द्वारा 125 यूनिट बिजली मुफ्त की घोषणा से जहां विद्युत उपभोक्ताओं में हर्ष देखा जा रहा है। वहीं इस घोषणा के बाद से साइबर ठग भी काफी सक्रिय हो गए हैं। विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया की साइबर अपराधी विभिन्न तरीकों से मैसेज भेजकर, लिंक ओपेन करने आदि का मैसेज भेज रहे हैं। जबकि बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मियों के द्वारा लगातार भ्रम से दूर रहने के लिए लगातार जागरूक कर रहे हैं। 125 यूनिट बिजली फ्री होने की घोषणा से साइबर अपराधियों को ठगी का एक नया रोजगार मिल गया है। साइबर अपराधियों के गतिविधियों को देखते हुए बिजली विभाग ने लोगों को जागरूक कर सावधानी बरतने की अपील किया है। जिसमें मुफ्त बिजली देने, स्मार्ट प्रीपेड मीटर अपडेट करने जैसे अनजान फोन कॉल से दूरी बनाने, फ्री बिजली को लेकर किसी प्रकार का एप डाउनलोड नही करने की अपील किया है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया की साइबर अपराधी 125 यूनिट फ्री बिजली को लेकर लोगों फोन को हैक कर लाखों की ठगी कर सकते हैं। साइबर जुर्म की दुनिया के शिकारी अब इस सरकारी योजना की आड़ में भोली-भाली अवाम को जाल में फांसकर मोबाइल हैकिंग और बैंक खातों से लूटपाट करने में जुटे हैं। साइबर अपराधियों के द्वारा रजिस्ट्रेशन के लिए एक लिंक भेजा जा रहा है और कहा जा रहा है की "इस एपीके फाइल को डाउनलोड करें, तभी सब्सिडी मिलेगी।" जैसे ही उपभोक्ताओं के द्वारा फाइल डाउनलोड की जा रही है उनके मोबाइल का कंट्रोल साइबर गिरोह के पास चला जा रहा है। नतीजा बैंक खातों से रुपये चंपत कर ली जा रही है। विद्युत विभाग ने सोशल मीडिया, अखबार एवं अन्य माध्यमों से निरंतर जागरूक किया जाता रहा है की ये ठग पहले भी स्मार्ट मीटर रिचार्ज, बिजली बिल न कटने की चेतावनी जैसे बहानों से लोगों को झांसा देकर लूट चुके हैं। उन्होंने आगाह किया कि मुफ्त बिजली के लिए उपभोक्ताओं को किसी प्रकार के पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है। यदि कोई व्यक्ति कॉल कर ऐसा कहे या लिंक भेजे तो सावधान हो जाइए। यह सीधे-सीधे साइबर का हमला है। जहां सरकार राहत देना चाहती है वहीं साइबर गैंग ठगी का नया ताना-बाना बुन रहे हैं। अब वक्त है कि जनता होशियार और सतर्क बने। मुफ्त बिजली के चक्कर में कहीं ज़िंदगी भर का नुकसान न झेलना पड़े। याद रखें कि किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें और मोबाइल में अज्ञात ऐप इंस्टॉल न करें। साथ हीं ओटीपी और बैंक डिटेल्स साझा न करें क्योंकि जरा सी लापरवाही बड़ी बबार्दी हो सकती है।

## बिहार में होल्डिंग टैक्स बकायेदारों के लिए बड़ी राहत

# नरसिंग कंस्ट्रक्शन की घोर लापरवाही ने ली एक मजदूर की जान, दूसरे की हालत गंभीर

- रात 10 बजे कंक्रीट वाहन पलटा,27 वर्षीय मजदूर टकलू भुइयां की मौत
- बिना सुरक्षा उपकरण काम कराने वाली कंपनी पर वन क्षेत्र उजाड़ने का भी आरोप
- संवेदक शव अस्पताल में छोड़कर गायब,पुलिस ने शुरू किया पंचनामा




**केटी न्यूज। नवादा/ रजौली**

कोडरमा-तिलैया रेलवे लाइन परियोजना पर कार्यरत एक 27 वर्षीय मजदूर टकलू भुइयां की रविवार देर रात एक गंभीर दुर्घटना में घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे मजदूर की हालत गंभीर बताई जा रही है।इस हादसे के बाद, कार्य करा रही नरसिंग कंस्ट्रक्शन कंपनी की सुरक्षा मानकों की अनदेखी और आपराधिक लापरवाही खुलकर सामने आ गई है।इसका ताजातरीन खुलासा रविवार रात रजौली थाना क्षेत्र के परतौनिया में हुई दुर्घटना है।जहां दुर्घटना में एक की मौत तो दूसरा बूरी तरह से जख्मी होना सुरक्षा मानकों की लापरवाही को दर्शाता है। यह हृदय विदारक घटना रविवार की रात करीब 10 बजे हुई। चतरा जिले के रहने वाले टकलू भुइयां की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई और उनके साथ रहे एक साथी गंभीर रूप से घायल हैं,जो रांची में इलाजरत हैं,दोनों वेल्डर का काम करते थे।जानकारी के अनुसार, रात में दोनों ने कंक्रीट करने वाले बड़ी वाहन (ट्रांजिट मिक्सर) (संख्या जेएच19सी5136) को चालू करने का प्रयास किया,जिसकी चाभी पहले से ही उसमें लगी हुई थी।वाहन के चालू होते ही वह अनियंत्रित हो गया और कुछ ही दूर जाकर खाई में पलट गया। इस भीषण हादसे में टकलू भुइयां की मौके पर ही मौत हो गई।टकलू अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चे हैं, जिनमें बड़ी बच्ची 6 वर्ष की है,जिन्हें छोड़ गए। घटना रजौली थाना के हरदिया पंचायत स्थित परतौनिया गांव में हादसे के तुरंत बाद, संवेदक और प्रोजेक्ट मैनेजर की घोर संवेदनहीनता सामने आई।मृतक के साथ काम करने वाले दूसरे साइट पर रहे लातेहार के सुरेश कुमार ने बताया कि मृतक के शव को रविवार की रात में ही कोडरमा सदर अस्पताल में रखवा दिया गया,जिसके बाद संवेदक और प्रोजेक्ट मैनेजर मौके से गायब हो गया।सोमवार की शाम तक,शव कोडरमा अस्पताल में ही लावारिस अवस्था में पड़ा रहा।मृतक के परिजन जब सोमवार शाम करीब चार बजे अस्पताल पहुंचे,तब जाकर कोडरमा पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार करने की कानूनी प्रक्रिया शुरू की। यह दुर्घटना मात्र एक इकलौता हादसा नहीं है, बल्कि नरसिंग कंस्ट्रक्शन कंपनी की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाती है।

### परिजनों ने कहा कंपनी पर करेंगे केस

पीड़ित परिजनों किट्टू कुमार, इंद्रदेव भुइयां ने कहा कि मृतक टकलू भुइयां बीते पांच वर्षों से रेलवे में हो रहे निर्माण कार्य में जुटा हुआ था। घटना रविवार की रात्रि की है,जबकि कंपनी वालों ने तुरंत ना तो परिजनों को सूचित किया और ना ही साथ काम करने वाले परिजनों को कुछ जानकारी दिया।परिजनों ने कहा कि एक मजदूर का क्षत विक्षत शव कोडरमा अस्पताल में पड़ा हुआ है और दूसरा घायल मजदूर रांची के किसी अस्पताल में जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है।परिजनों ने कहा कि प्रोजेक्ट मैनेजर कैलाश राय द्वारा अफवाह उड़ाया जा रहा है कि दोनों शराब के नशे में थे और गाड़ी चालू करके खाई में गिर गए।पीड़ित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है और वे स्थानीय प्रशासन से न्याय की गुहार लगा रहे हैं।

# स्मार्ट मीटर में 25 पैसे प्रति यूनिट की दर से मिल रही छूट : ईएसई



**केटी न्यूज। रोहतास**

ऊर्जा विभाग ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील किया है कि वे समय पर बिजली बिल का भुगतान कर न केवल अपनी जिम्मेदारी निभाएं, बल्कि आर्थिक रूप से भी लाभ उठाएं।नियमित भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को कई तरह की छूट और रियायतें दी जा रही हैं, जिससे मासिक खर्च और बिजली उपयोग दोनों में संतुलन बनाए रखना आसान होता है।

विद्युत अधीक्षण अभियंता सासाराम इंद्रदेव कुमार ने बताया कि स्मार्ट मीटर में 25 पैसे प्रति यूनिट की दर से ऊर्जा शुल्क में अतिरिक्त छूट दी जा रही है। वहीं समय से बिल भुगतान करने पर 1.5 प्रतिशत व आनलाइन माध्यम से समय पर भुगतान करने पर एक प्रतिशत अतिरिक्त छूट दी जा रही है। यानि बिल भुगतान पर उपभोक्ता 2.5 प्रतिशत की छूट पा सकते हैं। वहीं स्मार्ट मीटर में लगातार तीन महीने तक दो हजार रुपए से अधिक बैलेंस रखने पर रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित बैंक दर से ब्याज मिलेगा। ग्रामीण उपभोक्ताओं द्वारा एक तिमाही के सभी विद्युत विपत्र का समय पर भुगतान पर एक प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जा रही है। मोबइल ऐप से भुगतान है सुविधाजनक विकल्प : स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल एप के माध्यम से बिल भुगतान सबसे आसान और तेज विकल्प है। सुविधा एप के जरिए उपभोक्ता रिचार्ज, बिजली खपत और बैलेंस की जानकारी घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं। विद्युत अधीक्षण अभियंता ने उपभोक्ताओं से अपील किया है कि वे स्मार्ट मीटर अपनाएं और समय पर बिल भुगतान कर निर्बाध बिजली आपूर्ति का लाभ उठाएं। इससे न केवल बिजली प्रबंधन बेहतर होगा, बल्कि उपभोक्ताओं की आर्थिक बचत भी सुनिश्चित होगी।

# डीएम और एसपी ने संयुक्त रूप से भूमि विवाद की समीक्षात्मक बैठक

**केटी न्यूज। रोहतास**

सोमवार को जिला पदाधिकारी, रोहतास उदिता एवं पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में भू-समाधान पोर्टल के तहत भूमि विवाद की समीक्षा बैठक की गई। समीक्षोपरान्त पाया गया कि पिछले बैठक की तुलना में इस बैठक में अपेक्षितप्रगति नहीं होने तथा 11.10.2025 से 6.12.2025 तक भू-सामाधान पोर्टल पर थानाध्यक्ष, डिहरी मुफ्फसिल,यदुनाथपुर, अगरेर,धौड़ॉड थाना द्वारा एक भी आवेदन की इन्ट्री नहीं किये जाने के कारण समाहत्तामेंस महोदया द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी तथा संबंधित अंचलाधिकारियों व थानाध्यक्षों को भू-सामाधान पोर्टल पर सभी लंबित मामलों को अपलोड करने का निदेश दिया गया। सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि जहां एक ही थाना अंतर्गत दो अंचल आता है तो संबंधित अंचलों में रोस्टर बनाकर थानाध्यक्षों को उपस्थित होने का निदेश देना सुनिश्चित करेंगे। सोमवार को भूमि विवाद की बैठक में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों यथा अंचलाधिकारी, शिवसागर/ तिलौथू / दिनारा एवं थानाध्यक्ष बिक्रमगंज / काराकाट / संझौली / सूर्यपुरा / चुटियाँ / डिहरी नगर/नौहट्टा/यदुनाथपुर / अगरेर / बड्डी / धौड़ॉड / करवन्दिया से स्पष्टीकरण की मांग की गयी।



साथ ही समाहर्त्ता, रोहतास द्वारा निदेश दिया गया कि प्रत्येक शनिवार को भूमि विवाद की बैठक की कार्यवाही निश्चित रूप से भू- सामाधान पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे तथा अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि जिस थाना का इन्ट्री शून्य है वहाँ भूमि विवाद से संबंधित मामलों की बैठक में समीक्षा कर निश्चित रूप से भू- सामाधान पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे तथा बैठक की कार्यवाही की एक प्रति गृह विभाग, बिहार को भी भेजना सुनिश्चित करेंगे। सभी थानाध्यक्ष, भूमि विवाद से संबंधित बैठक का रोस्टर बनाकर प्रत्येक शनिवार को अंचल स्तर पर आयोजित बैठक में भाग लेने तथा उसकी प्रति संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को भी भेजना सुनिश्चित करेंगे।

## एक नजर

### पुलिस ने सख्त कार्रवाई कर 45 लीटर शराब किया जब्त

**काराकाट।** काराकाट पुलिस ने शराब और चुलाई के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए काराकाट बाजार के मुशहरी टोली में छापेमारी कर 43 लीटर महुआ देसी शराब जब्त की है। प्रभारी थाना अध्यक्ष रोहित कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कई स्थानों पर छापेमारी की है और शराब तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान तेज कर दिया गया है। हालांकि इस दौरान शराब तस्कर पुलिस को देखकर भाग गए और अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी। एसआई योगेश कुमार, एसआई निशांत कुमार सहित अन्य चौकीदार एवं पुलिस बल इस अभियान में शामिल थे। पुलिस ने स्पष्ट किया कि शराब सेवन और तस्करी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पूरी तरह नियंत्रित कर ली जाएगी।

### रात के अंधेरे में खड़ी बाइक जली,जांच में जुटी पुलिस

**काराकाट।** काराकाट थाना क्षेत्र के करूप बाजार गांव में रविवार आधी रात करीब 11:30 बजे एक गंभीर और निंदनीय घटना सामने आई। राम ईश्वर सिंह के पुत्र पिंटू सिंह के स्टुडियो के बाहर खड़ी बाइक में अज्ञात अपराधियों ने आग लगा दी। पिंटू सिंह जो कि माही कैमरा "पिंटू स्टूडियो" संचालित करते हैं, शादी-विवाह की फोटोग्राफी और वीडियो मिक्सिंग का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि अगली सुबह बगल जमुआ गांव में शादी समारोह में कैमरा लेकर जाना था, इसी लिए बाइक स्टूडियो के दरवाजे पर बाहर खड़ी थी। बाइक में आग लगाने की यह वारदात आधी रात को हुई, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। पिंटू सिंह ने बताया कि बाइक चोरी कर कहीं दूर ले जाकर जलाई गई है। उन्होंने पुलिस को तुरंत सूचना दी, जिस पर 112 की टीम घटनास्थल पर पहुंची। मामला थाने में दर्ज कर पुलिस अब आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में है। इसी बीच करूप बाजार में आधी रात 12 बजे गोडारी निवासी रवि शर्मा की स्कॉर्पियो गाड़ी का पिछला शीशा कुछ मनभड्ुओं ने तोड़ दिया। पुलिस को पांच लोगों के विरुद्ध आवेदन मिला है। कराकाट थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि दोनों मामलों की जांच जारी है और जांच पूरी होने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गांव के लोग इस सरेआम हुई वारदातों से काफी भयभीत हैं और पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों और इलाके में शांति बनी रहे।

### वरुणा गोलीकांड मामले में दो गिरफ्तार

**बिक्रमगंज।** एएसपी सह बिक्रमगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संकेत कुमार ने प्रेस-विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 07 दिसंबर को शाम के करीब 04 बजे सूचना प्राप्त हुई कि बिक्रमगंज थाना के ग्राम बरुना में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है । एएसपी ने कहा कि प्राप्त सूचना के आलोक में पुनि. सह थानाध्यक्ष ललन कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं घटना की जांच व सत्यापन किए। उन्होंने कहा कि मृतक अखिलेश राय पिता स्वर्गीय शिवजी राय ग्राम बरुना के शव को एफएसएल टीम की जांच बाद अन्त्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया । उन्होंने कहा कि मृतक की पत्नी ब्यूटी कुमारी के फर्दव्यान के आधार पर दस नामजद व अन्य अज्ञात के विरूद्ध कांड अकित किया गया । यह कांड बिक्रमगंज थाना कांड संख्या 572/ 18 दिनांक 19/12/2025 के आलोक में धारा 302/120(बी)/34 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट वादी कामेश्वर राय पिता स्वर्गीय धनश्याम राय ग्राम बरुना के आवेदन के आधार पर विरूद्ध मृतक अखिलेश राय पिता स्वर्गीय शिवजी राय ग्राम बरुना व अन्य आठ नामजद अंकित किया गया था । जिसमें कामेश्वर राय के भाई जीयूत राय की हत्या की गई थी । इसी घटना के प्रतिशोध में कामेश्वर राय के परिवार के सदस्य व गोतिया द्वारा इस हत्या की घटना को अंजाम दिया गया । उन्होंने कहा कि घटनास्थल से 315 का 5 खोखा बरामद किया गया है ।साथ ही साथ उक्त मामले में संगिता कुंवर पति स्वर्गीय जितेन्द्र राय और त्रिभूवन राय पिता स्वर्गीय गोविंद राय दोनों ग्राम बरुना को गिरफ्तार किया गया है ।

### जिला पदाधिकारी ने राजस्व कार्यों की समीक्षा कर दिया सख्त निर्देश

**सासाराम।** जिला पदाधिकारी।कैमूर की अध्यक्षता में सोमवार को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व वसूली, दाखिल-खारिज (म्यूटेशन), भूमि विवादों के निष्पादन और विशेष सर्वेक्षण कार्य की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने राजस्व वसूली के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने के लिए सभी अंचलाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने लंबित दाखिल-खारिज के मामलों पर नाराजगी व्यक्त की और सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित आवेदनों का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि लंबित मामलों पर संबंधित कर्मी/पदाधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने भूमि विवादों के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। थाना और अंचल स्तर पर नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित करने और भूमि विवादों को आपसी सहमति से निपटाने पर बल दिया। जिला पदाधिकारी ने भूमि सुधार उप समाहर्ता भभुआ एवं मोहनियाँ को प्रत्येक दिन अंचल के कार्यों की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने सभी राजस्व अधिकारियों को जनता के प्रति संवेदनशील रहने, पारदर्शिता बनाए रखने और सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने के लिए समयबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि कर्तव्यहीनता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर समाहर्ता, कैमूर, भूमि सुधार उप समाहर्ता, भभुआ/मोहनिया, सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बिहार में पछुआ हवा ने बढाई कनकनी, कई जिलों में छाया कोहरा

**केटी न्यूज। रोहतास**

बिहार के अधिकांश शहरों में सोमवार को बादल छाए रहने से न्यूनतम तापमान में वृद्धि के आसार बन रहे हैं। इससे लोगों को ठंड से आंशिक राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने अगले सात दिनों तक प्रदेश में शुष्क मौसम बने रहने का पूवार्नुमान जारी किया है। इस अवधि में राज्य के कुछ इलाकों में सुबह हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाने की संभावना जताई गई है। रविवार को प्रदेश के कई हिस्सों में 10 से 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पछुआ हवा चली। विभाग के अनुसार, शनिवार की तुलना में पछुआ की गति में तीन से आठ किलोमीटर प्रति घंटे की कमी आई, जिसके चलते अधिकतम और न्यूनतम तापमान दोनों में गिरावट दर्ज की गई। राज्य में सबसे कम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस शेखपुरा में और सबसे अधिक तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस किशनगंज में रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश का न्यूनतम तापमान 8.4 से 15.8 डिग्री और अधिकतम तापमान 20.7 से 26.9 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। इसी दौरान पूर्णिया में दृश्यता घटकर 450 मीटर तक पहुंच गई। राजधानी पटना में सोमवार की सुबह हल्का कोहरा छाया रहने की संभावना है। हालांकि, दिन चढ़ने के साथ आसमान साफ होने लगेगा। रविवार को पटना के न्यूनतम तापमान में 1.2 डिग्री और अधिकतम तापमान में 0.5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। शहर का अधिकतम तापमान 24.4 और न्यूनतम 11.8 डिग्री सेल्सियस रहा। पछुआ की रफ्तार में कमी आने से लोगों को ठंड से आंशिक राहत महसूस हुई।



### ट्रेनों के परिचालन पर असर

कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से ट्रेनों के परिचालन पर असर पड़ा है। डिब्रूगढ़ लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस, साउथ बिहार एक्सप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस, विभूति एक्सप्रेस, झाझा दानापुर फास्ट पैसेंजर, श्रमजीवी एक्सप्रेस, कोलकाता गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस देर से पहुंची। वहीं रेलवे की ओर से कोहरे को देखते हुए दिल्ली से जाने वाली चार ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इनमें उपासना एक्सप्रेस, नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस और नई दिल्ली मालदा टाउन एक्सप्रेस आज रद्द हैं। वही महानंदा एक्सप्रेस 11, 14 और 18 दिसंबर को रद्द की गई।

### सुबह के समय सतर्क रहने की सलाह

कुछ हिस्सों में हल्का कोहरा लोगों की परेशानी बढ़ा सकता है। मौसम विभाग ने यात्रियों को सुबह के समय सतर्क रहने की सलाह दी है। सुबह के समय कई जिलों में घना कोहरा छाया रहने से विजिबिलिटी काफी कम हो गई। इसका सीधा असर रेल यातायात पर पड़ा।

# यौन शोषण मामले में सहायक कारा अधीक्षक गिरफ्तार, दो बच्चों की मां की शिकायत पर कार्रवाई

**एजेंसी। समस्तीपुर**

समस्तीपुर के दलसिंहसराय उपकारा के सहायक कारा अधीक्षक आदित्य कुमार को गिरफ्तार किया गया है। दो बच्चों की मां की शिकायत पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। दरअसल पीड़ित महिला ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने, मारपीट और धमकी देने का आरोप आदित्य कुमार पर लगाया था। पुलिस ने सोमवार को आदित्य कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। बता दें कि न्याय नहीं मिलने से आहत महिला ने एसपी ऑफिस के सामने अपने हाथ का नस काट लिया था और जान देने की कोशिश की थी। बताया जाता है कि पीड़िता अमृता जो दो बच्चों की मां है। उसने अपनी शिकायत में कहा था कि तलाक की प्रक्रिया के दौरान गया कोर्ट में उसकी मुलाकात सहायक जेलर आदित्य कुमार से हुई थी। बातचीत के दौरान नजदीकियां बढ़ीं और वर्ष 2022 में आरोपी ने उसके घर स्थित मंदिर में शादी का झांसा देकर यौन संबंध बनाया। महिला का दावा है कि आरोपी उसे गया स्थित सरकारी आवास पर करीब तीन वर्ष तक पत्नी बनाकर रखे हुए था। उसके बच्चों और परिजनों से भी घुल-मिलकर पारिवारिक तस्वीरें खिंचवाने तक का काम किया, जिससे उसे वैवाहिक रिश्ते पर पूरा भरोसा हो गया था। बाद में आदित्य कुमार की पोस्टिंग दलसिंहसराय उपकारा में होने के बाद महिला अपने बच्चों के साथ मायके चली गई। विगत दीपावली पर जेलर के बुलावे पर वह दलसिंहसराय पहुंचकर सरकारी आवास में रहने लगी, इसी दौरान दोनों के बीच विवाद गहरा गया। महिला का आरोप है कि 30 नवंबर को आरोपी की एक अन्य युवती से नजदीकी की जानकारी मिलने के बाद विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। अगले दिन आरोपी के माता-पिता द्वारा भी गाली-गलौज एवं हाथापाई कर उसे बच्चों समेत घर से बाहर निकाल दिया गया। पीड़िता ने डायल 112 पर सूचना देकर थाने में आवेदन दिया, जिसके आधार पर झूठी शादी, यौन शोषण, मारपीट और जान से मारने की धमकी सहित कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई।

एक नजर

# पटना एयरपोर्ट पर नई सुविधा : फ्लाइट छूटे या कैंसिल हो, वहीं हो जाएगा ट्रेन का इंतजाम

**एजेंसी। पटना**

पटना एयरपोर्ट पर यात्रियों की सुविधा के लिए एक नई व्यवस्था लागू की गई है। अब फ्लाइट छूटने या रद्द होने पर एयरपोर्ट पर ही यात्रियों को ट्रेन से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। दानापुर मंडल, पूर्व मध्य रेल ने एयरपोर्ट पर विशेष ट्रेन-इन्फो हेल्प डेस्क शुरू किया है, ताकि यात्रियों को तुरंत वैकल्पिक यात्रा का विकल्प मिल सके। पटना एयरपोर्ट पर यात्रियों की सेवा के लिए एक और नया हेल्प डेस्क चालू किया गया है। जिसपर पैसेंजरों को पल-पल ट्रेन की जानकारी देने की सुविधा लागू की गयी है। पूर्व मध्य रेल के दानापुर





मंडल द्वारा पटना एयरपोर्ट पर नयी व्यवस्था बहाल की गयी है। ताकि फ्लाइट कैंसिल होने की स्थिति में यात्रियों को तुरंत वैकल्पिक यात्रा का विकल्प उपलब्ध कराया जा सके। मिली जानकारी के अनुसार यात्रियों की सुविधा के लिए पटना व दरभंगा से आनंद विहार टर्मिनल के लिए क्रमानुसार स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। आनंद विहार टर्मिनल के लिए स्पेशल ट्रेन, संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस में लगी अतिरिक्त कोच, पटना से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को लिए आनंद विहार टर्मिनल तक एक स्पेशल ट्रेन चालू किया गया है। जिसके लिए 07 व 09 दिसंबर शाम 7 बजे खुलकर अगले दिन 2 बजे तक का समय निर्धारण किया गया है। इसके अलावा गाड़ी संख्या 02395 पटना-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल ट्रेन पटना से 07 दिसम्बर को 20.30 बजे खुलकर अगले दिन 15.00 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 02396 आनंद विहार टर्मिनल-पटना स्पेशल ट्रेन 08 दिसम्बर को 19.00 बजे खुलकर अगले दिन 14.00 बजे पटना पहुंचेगी। मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 05563 दरभंगा-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल ट्रेन दरभंगा से 07 दिसम्बर को 18.15 बजे खुलकर अगले दिन 21.15 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 05564 आनंद विहार टर्मिनल-दरभंगा स्पेशल ट्रेन 09 दिसम्बर को 00.05 बजे खुलकर 23.00 बजे दरभंगा पहुंचेगी। इसके साथ ही राजधानी व संपूर्ण क्रान्ति एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच भी लगाया जा रहा है। हाल के दिनों में इंडिगो की कई फ्लाइट्स रद्द होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा है। अचानक कैंसिलेशन की वजह से कई लोग घंटों तक एयरपोर्ट पर फंसे रहे, बुजुर्ग यात्रियों और छोटे बच्चों के साथ सफर कर रहे परिवारों की दिक्कतें भी बढ़ गईं। ऐसे हालात में यात्रियों को राहत देने के लिए भारतीय रेलवे ने आगे बढ़कर नई ट्रेन-इन्फॉर्मेशन सुविधा शुरू की है। अब फ्लाइट कैंसिल होने पर लोग तुरंत ट्रेन की उपलब्धता, टाइमिंग और वैकल्पिक यात्रा विकल्पों की जानकारी उसी समय एयरपोर्ट पर ही पा सकेंगे। रेलवे का यह कदम परेशान यात्रियों के लिए बड़ी मदद साबित होने की उम्मीद है, क्योंकि अनिश्चितता की घड़ी में यह सुविधा उन्हें भरोसा और राहत दोनों देगी।

## औरंगाबाद में जहरीला लड्डू खाने से मासूम भाई-बहन की मौत, एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत से हड़कंप

**औरंगाबाद ।** बिहार के औरंगाबाद जिले के पथरा गांव में रविवार रात एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। 6 साल के दिव्यांशु कुमार और उसकी आठ माह की बहन अंशिका कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद गांव में शोक और डर का माहौल है। गांव में तरह-तरह की चचाएं चल रही हैं। जानकारी के अनुसार, ओबरा प्रखंड के खुदवा थाना क्षेत्र के पथरा गांव में दिव्यांशु और अंशिका की मौत की घटनाएं हुईं। मृतक बच्चों के पिता रवि भारती हैं। देर शाम किसी व्यक्ति ने दिव्यांशु को एक लड्डू दिया, जिसे खाने के बाद उसने अपनी बहन अंशिका को भी खिलाया। कुछ समय बाद अंशिका की तबीयत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। इसके बाद घर में कोहराम मच गया और दिव्यांशु की हालत भी गंभीर हो गई। उसे रात में दाउदनगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन मध्यरात्रि में उसकी भी मौत हो गई। इस घटना के बाद पथरा गांव और आसपास के इलाकों में सनसनी फैल गई। पुलिस लड्डू देने वाले व्यक्ति और घटनास्थल पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट होगी। घटना की सूचना मिलने पर दाउदनगर एसडीपीओ पथरा गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार को जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया।

## पुनपुन में ससुर की गला दबाकर हत्या, बहू समेत 4 आरोपियों को पुलिस ने दबोचा



**पटना।** पटना के पुनपुन इलाके में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गयी थी। जब पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की तब पता चला कि घटना को अंजाम देने के पीछे किसी और की नहीं बल्कि मृतक की बहू का हाथ था। पुलिस ने मृतक की बहू सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। गौरतलब है कि पटना जिले के पुनपुन थाना क्षेत्र में 03 दिसंबर 2025 को उस समय सनसनी फैल गई थी जब मोहनपुर तेतरी सड़क पुल के पास स्थानीय निवासी रमेश महतो का शव संदिग्ध स्थिति में पाया गया था। सूचना मिलते ही पुनपुन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर एफएसएल टीम से वैज्ञानिक जांच कराई। बाद में परिजनों की मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। मृतक की पत्नी के बयान पर पुनपुन थाना कांड संख्या 351/25, धारा 103(1)/238(ए) बीएनएस के तहत अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। तकनीकी इनपुट और मानवीय आसूचना से मामले को सुलझाया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के पूरे क्षेत्र की बारीकी से जांच की। तकनीकी निगरानी, मानवीय इनपुट और लगातार आसूचना संकलन के आधार पर पुलिस ने हत्या की परतें खोलते हुए मामला सुलझा लिया। जांच में सामने आया कि हत्या किसी अज्ञात द्वारा नहीं, बल्कि परिवार से जुड़े लोगों ने मिलकर की थी। पुलिस ने सभी 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सभी ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। बताया जा रहा है कि पूनम देवी, जो मृतक की बहू है, हत्या की मुख्य साजिशकर्ता थी। बाकी तीन लोगों ने मिलकर पूरी वारदात को अंजाम दिया।

# मुजफ्फरपुर में दिनदहाड़े लूट! कैशियर से 3.11 लाख लेकर फरार बदमाश, पुलिस की जांच शुरू

**एजेंसी। पटना**

मुजफ्फरपुर में अपराधियों ने एक बार फिर बेखौफ होकर दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम दिया है। बाइक से आए तीन बदमाश पेट्रोल पंप के कैशियर से3.11 लाख रुपए लूटकर मौके से फरार हो गए। यह घटना नगर थाना क्षेत्र के मोतीझील पांडे गली रोड की है। लूट की सूचना फैलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। जानकारी मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी है।घटना के बारे में बताया जा रहा है कि तीनों बदमाश अपाचे बाइक पर सवार होकर आए और पेट्रोल पंप के कैशियर मणिकांत श्रीवास्तव, जो कि स्टेशन रोड स्थित एल.के. बॉस पेट्रोल पंप के कैशियर हैं, उन्हें निशाना बनाया। अपराधियों ने उनके झोले में रखे बैग को छीनने की कोशिश की और विरोध करने पर हथियार तान दिया। वारदात के दौरान



बदमाशों ने कैशियर के हाथ पर वार कर उन्हें घायल भी कर दिया, इसके बाद नकदी से भरा बैग लेकर फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद मौके पर काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए।सूचना पर सिटी एसपी कोटा किरण कुमार, एसडीपीओ टाउन-2 सुरेश कुमार और नगर थाना की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। इस घटना को लेकर पीड़ित कैशियर मणिकांत श्रीवास्तव ने बताया कि वे रोज की तरह पंजाब नेशनल बैंक, मोतीझील शाखा में पेट्रोल पंप का पैसा जमा करने जा रहे थे। प्रतिदिन की भांति जैसे ही वह निकले, उसी दौरान अपाचे बाइक पर आए तीन बदमाशों ने उनकी साइकिल में टंगा नकदी से भरा बैग उतारने की कोशिश की। विरोध करने पर बदमाशों ने हथियार से हमला कर उनके हाथ को घायल कर दिया और बैग लेकर फरार हो गए। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी बाजार में इस तरह की वारदात पुलिस गश्ती और अपराधियों के बढ़ते हौसले पर गंभीर सवाल खड़े करती है। घटना पर सिटी एसपी कोटा किरण कुमार ने बताया कि पेट्रोल पंप के कैशियर से हथियार के बल पर लूट की वारदात हुई है। पुलिस ने जांच तेज कर दी है। सीसीटीवी फुटेज में बदमाश बाइक पर आते हुए दिखे हैं। इसके आधार पर छानबीन की जा रही है। शहर के सभी चौक-चौराहों पर जांच अभियान बढ़ा दिया गया है और जल्द ही घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मुजफ्फरपुर : मिड-डे मील में कीड़ा मिलने से 44 बच्चे बीमार, जांच के बाद सभी को भेजा गया घर

मिड डे मील में कीड़ा मिलने से मुजफ्फरपुर में एक साथ 44 बच्चे बीमार हो गये। आनन-फानन में सभी बच्चों को अस्पताल ले जाया गया जहां जांच के बाद सभी को अपने-अपने घर भेज दिया गया। मामला मुजफ़्फरपुर जिले के सरैया प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय रतनपुरा पूर्वी का है। जहां सोमवार दोपहर मध्याह्न भोजन (मिड-डे मील) में जब बच्चों को सब्जी परोसी गयी तब उसमें कीड़ा दिखाई दिया। बच्चों ने आशंका जताई कि यह मरी हुई छिपकली का अवशेष हो सकता है, जिसके बाद स्कूल में हड़कंप मच गया। विद्यालय की प्रभारी हेडमास्टर पुतुल गुप्ता ने बताया कि पहली पाली में 15 बच्चों ने भोजन कर लिया था। दूसरी पाली में लगभग 30 बच्चे चावल, दाल और सब्जी खा रहे थे, तभी यह घटना सामने आई। कीड़े के ढांचे को देखते ही बच्चे, शिक्षक और रसोइया सभी भयभीत हो गए।

# बिहार में अब महीने की पहली तारीख को मिलेगी शिक्षकों की सैलरी, उसके बाद ही अफसरों को मिलेगा वेतन

**एजेंसी। पटना**

बिहार के शिक्षकों के लिए अच्छी खबर पटना से आ रही है। नीतीश सरकार ने बिहार के शिक्षकों को समय पर वेतन देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब राज्य के सभी शिक्षकों को महीने के पहली तारीख को वेतन मिलेगा। शिक्षकों के अकाउंट में सैलरी आने के बाद ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों को वेतन जारी होगा। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने नई एसओपी (रडढ) जारी कर दी है। बिहार में शिक्षकों का वेतन अब किसी भी कीमत पर लेट नहीं होगा। नीतीश सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि हर महीने की 01 तारीख को शिक्षकों के वेतन का भुगतान अनिवार्य रूप से किया जाए। इसी के साथ शिक्षा विभाग ने एक नई व्यवस्था लागू कर दी है। अब बिहार के शिक्षकों को वेतन मिलने के बाद ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सैलरी मिलेगी। इस निर्णय को लागू करने के लिए विभाग ने सोमवार को एक मानक कार्यप्रणाली (रडढ) जारी की है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक साहिला ने



सभी डीईओ (ऊएड) और डीपीओ (उढड) को पत्र भेजकर नई प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। ऐसा लागू करने के पीछे मकसद यह है कि शिक्षकों के वेतन का भुगतान समय पर हो। इससे वेतन भुगतान की प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। जिम्मेदारी तय करने की एक सुव्यवस्थित प्रणाली होगी। वही वेतन देरी से जुड़ी शिकायतों पर रोक लगेगी। सरकार का मानना है कि पहले शिक्षकों को वेतन देने से न केवल व्यवस्था में सुधार होगा बल्कि स्कूलों में शिक्षण कार्य भी सुचारू रूप से चलेगा। नीतीश सरकार का यह फैसला बिहार के लाखों शिक्षकों को राहत देगा। नई व्यवस्था के लागू होने से वेतन भुगतान में पारदर्शिता बढ़ेगी और बार-बार होने वाली देरी की समस्या पूरी तरह समाप्त होने की संभावना है।

# पटना में बेकाबू कार ने आधा दर्जन लोगों को रौंदा, हादसे में बुजुर्ग की मौत

**एजेंसी। पटना**



राजधानी पटना के दानापुर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक बेकाबू कार ने सड़क पर चल रहे 6 लोगों को रौंद दिया। इस हादसे में 60 वर्षीय चांसी राय की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हैं। यह घटना गोला रोड स्थित झखड़ी महादेव मंदिर के पास हुई। घटना का दिल दहला देने वाला सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। वीडियो में दिखता है कि सड़क किनारे तीन युवक खड़े हैं और पास में एक कुत्ता बैठा है। अचानक तेज रफ्तार से आई कार कुत्ते को रौंदते हुए चार लोगों को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ जाती है। कुत्ता पहिये के नीचे आने से तड़पता दिखाई देता है। थोड़ी दूर जाकर कार रुकती है। इस दौरान एक युवक कार के आगे वाले पहिए के नीचे फंसा दिखता है। दो युवक ड्राइवर की ओर जाकर बात करने की कोशिश करते हैं, तभी ड्राइवर अचानक कार आगे बढ़ाता है और फंसे युवक को दोबारा कुचल देता है। लोग कार को रोकने के लिए सामने खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग कार पर मुक्के भी मारते हैं, लेकिन ड्राइवर रुकने के बजाय और तेज गति से गाड़ी बढ़ाते हुए एक और व्यक्ति को कुचल देता है और मेरिन ड्राइव की ओर भाग निकलता है। गंभीर रूप से घायल चांसी राय को पहले मिलिट्री अस्पताल और फिर राजा बाजार के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दानापुर और ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची और उउळश फुटेज खंगालकर पता लगाया कि कार मेरिन ड्राइव की ओर गई है। गाड़ी के नंबर के आधार पर आरोपी चालक की पहचान की जा रही है।

# पटना पुस्तक मेला : 15 करोड़ की ग्रंथ का अनावरण 3 घंटे 24 मिनट में लेखक ने लिख डाले 408 पन्ने

**एजेंसी। पटना**

पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में चल रहे पुस्तक मेला इन दिनों पुस्तक प्रेमियों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। 5 दिसंबर से शुरू हुए इस मेले में बड़ी संख्या में लोग अपनी पसंद की किताबें खरीदने पहुंच रहे हैं। मेले में विभिन्न प्रकाशकों के कई बुक स्टॉल लगाए गए हैं। इसी पुस्तक मेले में रविवार को 15 करोड़ रुपये मूल्य की अनोखी ग्रंथ ह्यमैंह्ण का अनावरण किया गया। दावा किया जा रहा है कि यह दुनिया की सबसे महंगी पुस्तक है। आश्चर्य की बात यह है कि इस 408 पन्नों और 43 अध्यायों वाली ग्रंथ को लेखक रत्नेश्वर ने सिर्फ 3 घंटे 24 मिनट में लिख लिया। अनावरण के दौरान लेखक ने मीडिया को यह ग्रंथ नहीं दिखाया। लोग इस 15 करोड़ की किताब को देखना चाहते थे, इस ग्रंथ में क्या कुछ लिखा हुआ है, यह जानना चाहते थे लेकिन किसी भी मीडिया कर्मियों को इसे छूने तक नहीं दिया गया। लेखक के अनुसार, उन्होंने यह पुस्तक 6झ7 सितंबर 2006 को ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 3 बजे से 6:24 बजे के बीच लिखी थी। रत्नेश्वर का कहना है कि



लेखन के दौरान उन्होंने ब्रह्मलोक यात्रा का अनुभव किया और यह ग्रंथ उनके आध्यात्मिक और ध्यान के दौरान प्राप्त हुए ह्यज्ञान की परम अवस्थाह्ण का परिणाम है। उन्होंने बताया कि यह ग्रंथ व्यक्ति के मानने से जानने की यात्रा का वर्णन करता है। लेखन के दौरान उन्होंने अपने भीतर और बाहर की अनुभूत यात्रा, रासलीला के प्रत्यक्ष साक्षात्कार और ध्यान-ज्ञान से प्राप्त अनुभवों को शब्दों में पिरोया है। रत्नेश्वर का दावा है कि यह ऐसा ग्रंथ है, जिसमें दुखों के अंत और ईश्वर-दर्शन का मार्ग मिलता है तथा मणिकार साधना के माध्यम से ह्यमैंह्ण बनने के परम आनंद का अनुभव कराया गया है। फिलहाल इस पुस्तक की सिर्फ तीन प्रतियां तैयार की गई हैं, जो दुनियाभर में उपलब्ध मानी जा रही हैं। रत्नेश्वर के अनुसार, यह पुस्तक 11 खास लोगों को सौंपी जाएगी, जिनकी खोज जारी है। उन्होंने कहा कि इसमें समाहित वैज्ञानिकता और अध्यात्म को समझना थोड़ा कठिन हो सकता है, लेकिन यह ग्रंथ केवल पढ़ने के लिए नहीं, बल्कि स्वयं को जानने की दिशा में आगे बढ़ाता है।

# इंडिगो संकट के बीच पटना से आज भी उड़ानें रद्द, एयरपोर्ट पर यात्री परेशान

**एजेंसी। पटना**

इंडिगो संकट अभी भी जारी है। सोमवार को पटना एयरपोर्ट से कई उड़ानें रद्द रहने की सूचना मिली है। जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को लगातार छठे दिन विमान रद्द होने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोग साक्षात्कार या अन्य जरूरी कार्यक्रमों में शामिल नहीं हो सके, जबकि कुछ दिनभर एयरपोर्ट का चक्कर लगाते रहे। रविवार को इंडिगो की चेन्नई, बेंगलुरु, दिल्ली, अहमदाबाद, कोलकाता समेत अन्य शहरों को जाने वाली 10 उड़ानें रद्द रही। इसके अलावा, जो विमान आए-गए वे भी आधे घंटे तक




विलंबित रहे। सोमवार को पटना एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले पांच विमान रद्द रहेंगे। इनमें मुख्य रूप से दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता की फ्लाइट शामिल हैं। यात्रियों को व्यक्तिगत तौर पर विमान रद्द होने या विलंबित रहने की जानकारी दी जा रही है। इस वजह से रविवार को इंडिगो के टिकट काउंटर पर यात्रियों की भीड़ अन्य दिनों के मुकाबले कम रही। इंडिगो के अधिकारियों ने बताया कि 15 दिसंबर तक विमान संचालन पूरी तरह सामान्य हो जाएगा। इंडिगो संकट को देखते हुए पूर्व मध्य रेल पटना से एक स्पेशल ट्रेन का परिचालन कर रही है। यात्रियों की सुविधा के लिए रविवार को संपूर्ण क्रांति और तेजस राजधानी एक्सप्रेस में एक-एक अतिरिक्त यात्री कोच लगाए गए। साथ ही एयरपोर्ट पर हेल्प डेस्क भी खोला गया है। हवाई यात्रियों के लिए डेडिकेटेड हेल्पलाइन नंबर 9771449159 जारी किया गया है। दानापुर मंडल के सीनियर डीसीएम अभिनव सिद्धार्थ ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए पटना से आनंद विहार टर्मिनल के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। सोमवार को भी 02309 पटना-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल ट्रेन पटना से 20:30 बजे रवाना होकर अगले दिन 15:00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। इसके अलावा तेजस राजधानी में थर्ड एसी का एक और संपूर्ण क्रांति में सेकंड एसी का एक अतिरिक्त कोच जोड़ा गया है, जिससे दोनों ट्रेनों में यात्री कोच की संख्या 22 से बढ़कर 23 हो गई है। पटना एयरपोर्ट पर 24 घंटे हेल्प डेस्क की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे प्रभावित यात्रियों को राहत मिली है।

## बिहार में पीएम आवास योजना के 8 लाख से अधिक लाभुकों का पैसा अटका, नीतीश सरकार ने केंद्र को लिखा पत्र

**एजेंसी। पटना**

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत बिहार में आठ लाख से अधिक लाभुकों की किस्तों का भुगतान फिलहाल रुका हुआ है। राज्य नोडल खाते में राशि उपलब्ध नहीं रहने के कारण किस्तों का निर्गम बाधित हो गया है। इस स्थिति को देखते हुए ग्रामीण विकास विभाग ने केंद्र सरकार से तत्काल राशि जारी करने का आग्रह किया है और 31 मार्च 2026 तक पुरानी व्यवस्था के अनुसार फंड जारी करने की अनुमति मांगी है।नई सरकार के गठन के बाद ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर कहा है कि फंड की कमी के चलते निर्धारित स्तर पर आवास निर्माण पूरा कर चुके लाभुकों को अगली किस्त का भुगतान नहीं किया जा पा रहा है। फिलहाल तीन लाख 88 हजार लाभुकों की दूसरी किस्त और चार लाख 20 हजार लाभुकों की तीसरी किस्त लंबित है। मंत्री ने अपने पत्र में कहा है कि जुलाई 2025 में केंद्र सरकार ने अचानक एसएनए स्पर्श मॉड्यूल के तहत राशि जारी करने की नई व्यवस्था लागू करने की बात कही, लेकिन राज्य के वित्त विभाग को पूर्व सूचना नहीं मिलने के कारण आवश्यक तैयारी नहीं की जा सकी। इसलिए मार्च 2026 तक पुरानी व्यवस्था में भुगतान की स्वीकृति दी जानी चाहिए।

# भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टी 20 आज

## मैच कटक में खेला जाएगा, इसके लिए तैयारी पूरी हो चुकी है



**एजेंसी। नई दिल्ली**

टेस्ट और वनडे के बाद अब भारत और साउथ अफ्रीका की टीमें टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेलने जा रही हैं। जहां एक ओर टेस्ट सीरीज पर साउथ अफ्रीका ने कब्जा किया था, वहीं वनडे सीरीज भारतीय टीम ने अपने नाम करने में कामयाबी हासिल की। अब देखना होगा कि टी20 सीरीज में कौन सी टीम आगे निकलती है। इस बीच आपको पता होना चाहिए कि पहला मुकाबला कितने बजे से खेला जाएगा। अगर आपको जानकारी नहीं होगी तो मैच छूटने की पूरी संभावना है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पांच टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेली जानी है। इसका पहला मुकाबला 9 दिसंबर यानी मंगलवार को होगा। ये मैच कटक में खेला जाएगा। इसके लिए तैयारी पूरी हो चुकी है। टी20 सीरीज में भारतीय टीम की कमान सूर्यकुमार यादव संभालते हुए नजर आएंगे, वहीं शुभमन गिल को उपकप्तानी की जिम्मेदारी दी गई है। सीरीज अगले साल होने वाले आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के लिहाज से काफी अहम है। इससे दोनों टीमें अपनी अपनी तैयारियों का जायजा ले पाएंगी। अब बात करते हैं मैच के शुरू होने की। पहला टी20 इंटरनेशनल मैच कटक में होगा और इसके शुरू होने का वक्त शाम सात बजे का है। यानी पहली बॉल ठीक सात बजे डाल दी जाएगी। इससे आधे घंटे पहले यानी साढ़े छह बजे टॉस होगा। रात करीब 11 बजे के करीब मैच खत्म भी हो जाएगा। इसलिए बहुत ज्यादा देर तक जाने की भी जरूरत नहीं होगी। अच्छी बात ये है कि सभी मैच एक ही वक्त पर होंगे, इसलिए आपका टाइम टेबल भी ज्यादा बदला नहीं जाएगा।

### टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेट कीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वाशिंगटन सुंदर।

### साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम

एडन मार्कराम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, टोनी डी जोरजी, रीजा हेंड्रिक्स, डेविड मिलर, जॉर्ज लिंडे, कॉर्बिन बॉश, मार्को जेनसन, क्विंटन डी कॉक, डोनोवन फरेरा, ट्रिस्टन स्टब्स, ओटनील बार्टमैन, केशव महाराज, क्वेना मफाका, लुंगी एनगिडी, एनरिक नोर्खिया।

### गिल-हार्दिक की वापसी से मजबूत होगी टीम

गिल और हार्दिक की वापसी भारतीय टीम और भी मजबूत होगी। गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच में गर्दन में अकड़न के कारण बाहर हो जाने के बाद वापसी कर रहे हैं। यह तय है कि गिल अभिषेक शर्मा के साथ पारी की शुरूआत करेंगे और तीसरे स्थान पर कप्तान सूर्यकुमार यादव उतरेंगे। भारत के लिए हार्दिक की वापसी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। एशिया कप के दौरान क्वाड्रिसेप्स की चोट के कारण दो महीने से अधिक समय तक बाहर रहने वाले इस ऑलराउंडर ने शानदार वापसी करते हुए मुश्ताक अली ट्रॉफी में बड़ौदा की तरफ से एक मैच में 42 गेंदों में नाबाद 77 रन बनाए और फिर चार ओवर में 52 रन देकर एक विकेट लिया।

### भारत बनाम साउथ अफ्रीका टी20 सीरीज का पूरा शेड्यूल

- पहला टी20 मैच : 9 दिसंबर : कटक
- दूसरा टी20 मैच : 11 दिसंबर : चंडीगढ़
- तीसरा टी20 मैच : 14 दिसंबर : धर्मशाला
- चौथा टी20 मैच : 17 दिसंबर : लखनऊ
- पांचवां टी20 मैच : 19 दिसंबर : अहमदाबाद

**एक नजर**

### विश्व कप फाइनल में सिमरनप्रीत ने स्वर्ण पदक जीता, ऐश्वर्य और अनीष को रजत, मनु भाकर चूकीं



**नई दिल्ली।** युवा सिमरनप्रीत कौर बरार ने रविवार को यहां मुश्किल मुकाबले में जीत हासिल करके महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत के 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन चैंपियन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में अपने पदार्पण में रजत पदक अपने नाम किया।विश्व चैंपियनशिप की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल स्पर्धा के रजत पदक विजेता अनीश भानवाला ने भी साल का अंत शानदार तरीके से किया और दूसरा स्थान हासिल किया। जिससे भारत के पदकों की संख्या छह हो गई जिसमें दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल हैं। दूसरे दिन भी शानदार प्रदर्शन के साथ भारत ने पदक तालिका में चीन के बाद दूसरा स्थान बनाए रखा। चीन के पास तीन स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक हैं। इस साल की शुरूआत में लीमा में विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली सिमरनप्रीत के पिता ने अपनी बेटी के लिए सरकारी नौकरी छोड़ दी थी। इस निशानेबाज ने फाइनल में 41 का शानदार स्कोर बनाकर अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल की और अपने माता-पिता को फक्र महसूस कराया। उन्होंने साथ ही विश्व जूनियर रिकॉर्ड की बराबरी भी की। आठ निशानेबाजों के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली दूसरी भारतीय ईशा सिंह सातवें स्थान पर रहीं। ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली मनु भाकर क्वालिफिकेशन दौर में 581 के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर रहने के बाद फाइनल में जगह नहीं बना पाईं। क्वालिफिकेशन दौर में 21 साल की सिमरनप्रीत ने 585 के स्कोर से पांचवें स्थान से जबकि ईशा ने 585 के स्कोर से चौथे स्थान से फाइनल में जगह बनाई। सिमरनप्रीत ने धीमी शुरूआत की जिसमें वह पहले पांच शॉट की सीरीज में तीन निशाने चूक गईं और आठवें (अंतिम) स्थान पर खिसक गईं। लेकिन उसके बाद उन्होंने वापसी की और तीन परफेक्ट ह्य5ह्व के शॉट लगाकर चीन की शीर्ष निशानेबाज और मौजूदा 10 मीटर एयर पिस्टल विश्व चैंपियन याओ कियानक्सुन (36 अंक से रजत) और जर्मनी की पूर्व विश्व चैंपियन डोरेन वेनेकैंप (कांस्य पदक) को पीछे छोड़ दिया। भारतीय खिलाड़ी ऐश्वर्य चेकिया के जिरी प्रिव्रात्स्की से 0.9 अंक पीछे रहे।

## मेसी के दम पर इंटर मियामी ने जीता एमएलएस कप का खिताब, मुलर पर भारी पड़े अर्जेंटीनियाई खिलाड़ी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप से पहले लियोनल मेसी ने एक बार फिर अपना दम दिखाया और इंटर मियामी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। फाइनल मुकाहला सिर्फ इंटर मियामी और वैंकूवर व्हाइटकैप्स के बीच ही नहीं था, बल्कि जर्मनी के स्टार फुटबॉलर थॉमस मुलर और अर्जेंटीना के मेसी के बीच भी एक जंग थी। मेसी और मुलर के बीच प्रतिद्वंद्विता में आमतौर पर मुलर ने ही बाजी मारी है, लेकिन इस बार अर्जेंटीनियाई खिलाड़ी आगे निकल गए। मुलर और मेसी के बीच हुए 10 मुकाबलों में से जर्मनी के स्टार ने सात में जीत हासिल की है। मुलर की मौजूदगी में जर्मन टीम ने विश्व कप में दो बार मेसी और अर्जेंटीना को बाहर किया है। लेकिन एमएलएस के फाइनल में अर्जेंटीना के सुपर स्टार ने इंटर मियामी को मुलर की वैंकूवर व्हाइटकैप्स पर 3-1 से जीत दिलाई। इस तरह से मेसी ने अपने करियर की 47वीं ट्रॉफी के साथ अपने तीसरे मेजर लीग सॉकर सत्र का समापन किया। मेसी ने 72वें मिनट में रोड्रिगो डी पॉल को गेंद देकर गोल करने में मदद की। इसके बाद उन्होंने स्टॉपिज टाइम में एक और गोल करने में योगदान देकर इंटर मियामी को फ्रेंचाइजी इतिहास में पहली बार चैंपियनशिप दिलाई। मेसी और मुलर दोनों ही विश्व कप और चैंपियंस लीग विजेता हैं। दोनों क्लब विश्व कप विजेता भी हैं। मेसी ने मैच के बाद कहा, तीन साल पहले मैंने एमएलएस में आने का फैसला किया और आज हम एमएलएस चैंपियन हैं। पिछले साल हम लीग में जल्दी बाहर हो गए थे लेकिन इस साल एमएलएस जीतना हमारा मुख्य लक्ष्य था।

## विश्व कप फाइनल में रुद्रांक्ष-बबूता और इलावेनिल का निराशाजनक प्रदर्शन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल और पेरिस ओलंपिक फाइनल तक पहुंचे अर्जुन बबूता शनिवार को सत्र के आखिरी आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में पदक जीतने से चूककर क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर रहे। इलावेनिल वलारिवन भी महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में पिछड़ गईं। वह क्वालिफिकेशन दौर में नौवें स्थान पर रहीं और आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह नहीं बना पाईं। चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे थे रुद्रांक्ष2022 के विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष ने इस सत्र में ब्यूनस आयर्स में विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतकर अच्छा प्रदर्शन किया था। वह 631.9 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन दौर में चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे। बबूता ने 633.3 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहकर आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में रुद्रांक्ष ने 209.9 का स्कोर बनाया। स्वीडन के पूर्व विश्व चैंपियन विक्टर लिंडग्रेन ने 253.0 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक और 5,000 यूरो की पुरस्कार राशि जीती। पेरिस ओलंपिक में दो स्वर्ण पदक के विजेता चीन के शेंग लिहाओ ने 252.6 के स्कोर से रजत पदक और 4,000 यूरो की राशि जीती। एक और दिग्गज हंगरी के इस्तवान पेनी ने कांस्य पदक जीता। काहिरा में वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली इलावेनिल आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह नहीं बना पाईं। वह क्वालिफिकेशन में 630 के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर रहीं। ट्रैप में विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता जोरावर संधू 12 निशानेबाजों में नौवें स्थान पर रहे। यह अनुभवी निशानेबाज शॉटगन प्रतियोगिता में भारत से एकमात्र निशानेबाज हैं।

## टूट गई स्मृति मंधाना और म्यूजिक कंपोजर पलाश मुच्छल की शादी, क्रिकेटर ने खुद किया कंफर्म



**एजेंसी। नई दिल्ली**

क्रिकेटर स्मृति मंधाना और म्यूजिक कंपोजर पलाश मुच्छल की शादी अब टूट चुकी है। लंबे समय से शादी को लेकर चचाओं में रहे दोनों ने आखिरकार इसे खुद कंफर्म कर दिया। स्मृति मंधाना ने सोशल मीडिया पर लिखा कि पिछले कुछ हफ़्तों में उनकी जिंदगी को लेकर कई अंदाजे लगाए जा रहे थे। उन्होंने कहा कि वह एक प्राइवेट इंसान हैं और अपनी जिंदगी को ऐसे ही रखना चाहती हैं। लेकिन उन्होंने साफ कर दिया कि उनकी शादी कैंसिल हो गई है। स्मृति ने आगे लिखा, "मैं इस मामले को यहीं खत्म करना चाहती हूं और आप सभी से भी ऐसा करने की रिक्वेस्ट करती हूं। इस समय दोनों परिवारों की प्राइवेसी का सम्मान करें और हमें आगे बढ़ने का मौका दें। मेरा मानना है कि हम सभी के पास एक बड़ा मकसद होता है और मेरे लिए वह हमेशा अपने देश को सबसे ऊंचे स्तर पर रिप्रेजेंट करना रहा है। मुझे उम्मीद है कि मैं जब तक हो सके भारत के लिए खेलती रहूं और ट्रॉफी जीतती रहूं। मेरा फोकस हमेशा वहीं रहेगा वहीं पलाश मुच्छल ने लिखा कि उन्होंने अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने और पर्सनल रिलेशनशिप से पीछे हटने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, "लोग बेसलेस अफवाहों पर जिस तरह प्रतिक्रिया करते हैं, वह देखकर मुझे बहुत तकलीफ होती है। यह मेरी जिंदगी का सबसे मुश्किल फेज था। मैं इसे ग्रेसफुली डील करूंगा। मैं उम्मीद करता हूं कि समाज के तौर पर हम किसी को बिना सोर्स के फैलाए गए गॉसिप के आधार पर जज करने से पहले रुकना सीखेंगे। हमारे शब्द लोगों को घाव दे सकते हैं। जो भी गलत न्यूज या मानहानि कंटेंट फैलाएगा, उसके खिलाफ मेरी टीम कड़ा एक्शन लेगी। इस मुश्किल दौर में जो लोग मेरे साथ खड़े हैं, उनके लिए बहुत थैंक्यू।" बता दें कि स्मृति और पलाश की शादी 23 नवंबर को होने वाली थी और उनके प्री-वेडिंग फंक्शन भी शुरू हो चुके थे। हल्दी-मेहंदी की तस्वीरें काफी वायरल हुई थीं। हालांकि, अचानक स्मृति के पिता की तबीयत खराब होने की खबरें आईं, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया और इसके बाद शादी पोस्टपोन कर दी गई। इसके अलावा पलाश पर चीटिंग के आरोप भी लगे थे, जिस पर उन्होंने अब प्रतिक्रिया दी है।

## जर्मनी ने तोड़ा भारतीय हॉकी टीम का सपना सेमीफाइनल में 5-1 से जीता मुकाबला



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत का एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप दोबारा जीतने का सपना सेमीफाइनल में ही टूट गया। नौ साल बाद खिताब दोबारा हासिल करने की उम्मीदें जर्मनी ने 5-1 की करारी हार देकर समाप्त कर दीं। सात बार की चैंपियन और मौजूदा खिताबधारी जर्मनी ने रविवार को खेले गए मुकाबले में पूरी तरह दबदबा बनाए रखा। भारत ने पिछली बार 2016 में लखनऊ में यह खिताब जीता था।जर्मनी की ओर से लुकास कॉसेल (14वें, 30वें मिनट), टाइटस वेक्स (15वां), जोनास वॉन जर्सम (40वां) और बेन हासबाख (49वां) ने गोल किए। भारत की ओर से एकमात्र गोल 51वें मिनट में अनमोल एक्का ने पेनल्टी कॉर्नर पर किया। इस हार के साथ अब भारत बुधवार को अर्जेंटीना से ब्रॉन्ज मेडल के लिए भिड़ेगा। वहीं जर्मनी फाइनल में स्पेन से मुकाबला करेगा। स्पेन ने पहले सेमीफाइनल में अर्जेंटीना को 2-1 से हराया था।भारत ने शुरूआत आक्रामक की, लेकिन मैच के साथ जर्मनी ने खेल पर पकड़ मजबूत कर ली। भारतीय गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह ने शुरूआती मिनटों में कुछ अच्छे बचाव किए, लेकिन 13वें मिनट में जर्मनी को मिले पेनल्टी स्ट्रोक पर लुकास कॉसेल ने गोल दाग दिया। पहले क्वार्टर के अंत से ठीक पहले टाइटस वेक्स ने कॉसेल के क्रॉस पर गोल कर बढ़त दोगुनी कर दी। दूसरे क्वार्टर के अंतिम सेकंडों में जर्मनी को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिस पर कॉसेल ने अपना दूसरा गोल करते हुए हाफ टाइम में टीम को 3-0 से आगे कर दिया। तीसरे क्वार्टर में भारत को गोल करने का सुनहरा मौका मिला, लेकिन सौरभ आनंद कुशवाहा खुले गोल के सामने गेंद फंसाकर चूक गए। इसके बाद जर्मनी ने लगातार दबदबा दिखाया और 40वें मिनट में जोनास वॉन जर्सम ने चौथा गोल किया। 49वें मिनट में बेन हासबाख ने शानदार डाइव लगाकर पांचवां गोल दाग दिया। 51वें मिनट में भारत को दो लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिनमें से एक पर अनमोल एक्का ने गोल कर स्कोर 5-1 किया। हालांकि तब तक मैच पूरी तरह जर्मनी के पक्ष में जा चुका था। भारत ने अंत तक कोशिश की, लेकिन जर्मनी की मजबूत रक्षा को भेदना आसान नहीं था। अब टीम की निगाहें कांस्य पदक जीतने पर होंगी।

## कोच श्रीजेश बोले, अभी भी पदक जीतने का मौका, इसे हाथ से जाने नहीं देंगे



**एजेंसी। नई दिल्ली**

जूनियर विश्व कप में भारत का नौ साल बाद खिताब जीतने का सपना भले ही टूट गया हो, लेकिन टीम के मुख्य कोच पी.आर. श्रीजेश ने खिलाड़ियों को साफ संदेश दिया है कि लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई। जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में मिली 1-5 की हार के बाद भी टीम के पास कांस्य पदक जीतने का सुनहरा अवसर है, जिसे गंवाने की गलती नहीं करनी चाहिए। भारत अब 10 दिसंबर को कांस्य पदक मैच में अर्जेंटीना से भिड़ेगा, जबकि फाइनल में जर्मनी और स्पेन आमने-सामने होंगे। सेमीफाइनल हार के बाद भाषा से बातचीत में श्रीजेश ने कहा, 'यह दिन खराब नहीं था लेकिन टीम अच्छा नहीं खेल सकी। हमारी जो अपेक्षाएं थीं, हम उस स्तर पर नहीं खेले। इस स्तर पर आसान मौके देना गलती होती है।' उन्होंने बताया कि टीम को मौके मिले लेकिन उन्हें वह भुना नहीं सकी। भारत को मैच में केवल एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिस पर देर से गोल हुआ। उन्होंने कहा, 'कई बार विपक्षी टीम अच्छा खेलती है तो आप बेसिक चीजें भूल जाते हैं। क्या मौजूदा चैंपियन जर्मनी के सामने दबाव था? इस पर श्रीजेश बोले, 'कोई मानसिक कारण नहीं था लेकिन माहौल की वजह से दबाव बन जाता है। इतने बड़े टूर्नामेंट में दबाव रहता है, और इन खिलाड़ियों के पास अभी उतना अनुभव नहीं है।' उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में मानसिक मजबूती की जरूरत होती है। श्रीजेश ने माना कि जर्मनी ने भारतीय गलतियों को भुनाया और मैच पर नियंत्रण बनाए रखा। उन्होंने कहा, 'हमें खेल पर नियंत्रण रखना चाहिए था, लेकिन हम नाकाम रहे। जर्मनी ने वन-टच यूरोपीय हॉकी खेली, जिसमें हमें सीखना है।' श्रीजेश ने अब खिलाड़ियों को पिछली हार भूलकर कांस्य पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा, 'अभी भी हमारे पास पदक जीतने का मौका है। यह जरूरी है कि खिलाड़ी इस हार को भुलाकर अगले मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ दें।' उन्होंने कहा कि बड़े मैचों में मौकों को भुनाना भारत को सीखना होगा। कोच के अनुसार इस टीम में कई खिलाड़ी हैं जो जल्द ही सीनियर टीम में दिख सकते हैं। उन्होंने कहा, 'इस टीम में छह-सात खिलाड़ी सीनियर टीम में जाने के हकदार हैं।